Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 6 अंक: 193 | मंगलवार, 15 जुलाई -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## देश के यशस्वी सपूत का स्वागत करने के लिए 140 करोड़ लोग पलक पांवड़े बिछाए हैं

# अंतरिक्ष से धरती के लिए रवाना हुए शुभांशु शुक्ला



नई दिल्ली।

आईएसएस पर पहली बार भारत का परचम लहराकर 140 करोड़ से अधिक भारतीयों का स्वाभिमान सातवें आसमान पर पहुंचाने वाले गगनयात्री शुभांशु शुक्ला ऐतिहासिक अंतरिक्ष यात्रा के बाद वापस लौट रहे हैं।

देश के यशस्वी सपूत का स्वागत करने के लिए 140 करोड़ लोग पलक पांवड़े बिछाए हैं। अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर 18 दिनों तक रहने के बाद शुभांशु एक्सिओम-4 मिशन के अपने तीन सहयोगी अंतरिक्षयात्रियों के साथ मंगलवार को दोपहर 3:01 बजे प्रशांत महासागर में कैलिफोर्निया तट पर उतरेंगे। अनडॉकिंग (आईएसएस से अंतरिक्षयान से अलग होने) की प्रक्रिया भारतीय समयानुसार शाम लगभग 4:45 बजे हुई। अनडॉकिंग में 10 मिनट की देरी हुई। अनडॉकिंग के बाद कक्षीय प्रयोगशाला से दूर जाने के लिए उसने दो बार थ्रस्टर्स फायर किए गए। एक्सिओम-4 मिशन के तहत शुभांशु और तीन अन्य अंतरिक्षयात्री- मिशन कमांडर अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन, पोलैंड के स्लावोस्ज उजनांस्की-विस्नीवस्की, हंगरी के टिबोर कापू 26 जून को आइएसएस पर पहुंचे थे।

### धरती पर पहुंचने में लगेंगे 22 घंटे

आईएसएस से धरती पर आने में लगभग साढ़े 22 घंटे लगेंगे। शुभांशु और एक्सिओम-4 मिशन के तीन अन्य अंतरिक्षयात्री पृथ्वी की यात्रा पर रवाना हो गए। स्पेसएक्स का क्रू ड्रैगन अंतरिक्षयान सोमवार को आईएसएस से अलग हुआ।

इन अंतरिक्षयात्रियों ने आईएसएस से जुड़ने के बाद से लगभग 76 लाख मील की दूरी तय करते हुए पृथ्वी के चारों ओर लगभग 433 घंटे या 18 दिन तक 288 परिक्रमाएं कीं। अनडॉकिंग से लगभग दो घंटे पहले ड्रैगन यान में पहुंचे अंतरिक्षयात्री शुभांशु और तीन अन्य अंतरिक्षयात्री अनडॉकिंग से लगभग दो घंटे पहले अंतरिक्षयान में सवार हुए। अपने स्पेससूट पहने और भारतीय समय अनुसार दोपहर 2 :37 बजे पर अंतरिक्षयान को आईएसएस से जोड़ने वाले हैच को बंद कर दिया।

## बिहार चुनाव को लेकर दिल्ली में कांग्रेस की मैराथन बैठक

पटना।

विधानसभा चुनाव नजदीक आने के साथ ही राजनीतिक दलों की चुनावी तैयारियां जोर पकड़ने लगी हैं। कांग्रेस भी इस चुनाव में पूरे दमखम के साथ अपनी तैयारियों को अंजाम दे रही है। इसी कड़ी में सोमवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिहार के नेताओं के साथ चुनावी तैयारियों को लेकर दिल्ली में मैराथन बैठक की।

बिहार के चक्का जाम के दौरान राहुल गांधी, तेजस्वी यादव के साथ गाड़ी में नहीं चढ़ पाने से सुर्खियों में आए निर्दलीय सांसद पप्पू यादव भी पत्नी रंजीत रंजन (कांग्रेस सांसद) के साथ शामिल हुए। बिहार के नेताओं को राहुल गांधी ने सलाह दी



कि नेता स्थानीय मुद्दों को पूरी प्रमुखता के साथ उठाएं और मुद्दों को चुनाव के साथ जोड़ें। मतदाता पुनरीक्षण के खिलाफ लगातार अभियान चलाने का निर्णय किया गया। बिहार सरकार की कानून-व्यवस्था और जनता से जुड़े मुद्दे पर संघर्ष की रणनीति बनाई गई। प्रदेश, जिला और प्रखंड स्तर अब तक पार्टी की कमेटी गठित नहीं हो पाने पर भी बैठक में चिंता जताई गई। निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कांग्रेस को 100 सीटों को लक्ष्य बनाकर कम-से-कम 90 सीटों पर लड़ने का सुझाव दिया। बैठक में विधानसभा चुनाव के पहले संगठन को धारदार बनाने के लिए तीनों स्तर पर तेजी से कमेटियां बनाने पर सरकारात्मक बात भी हुई। खरगे ने बैठक में कहा कि संगठन के एक-एक नेता, कार्यकताओं को अपनी तैयारियां अब पूरी कर लेनी चाहिए। चुनाव में समय कम रह गया है। हमारा लक्ष्य जीत का होना चाहिए। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ ही राज्यसभा सदस्य डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह, कन्हैया कुमार, तारिक अनवर, मनोज कुमार, मो. जावेद के अलावा सभी विधायक और वरिष्ठ नेता भी शामिल हुए।

## नीट-पीजी परीक्षा मामले पर अगले महीने सुप्रीम कोर्ट करेगा सुनवाई

नई दिल्ली।



सुप्रीम कोर्ट नीट-पीजी परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता को लेकर दाखिल याचिकाओं पर अगस्त के पहले सप्ताह में सुनवाई करेगा। इन याचिकाओं में खासतौर पर उत्तर कुंजी जारी करने और मूल्यांकन प्रोटोकाल के संबंध में चिंता जताई गई है। जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने इन मुद्दों पर दायर याचिकाओं पर सोमवार को संक्षिप्त सुनवाई की। वकील तन्वी दुबे के माध्यम से दाखिल एक याचिका में मूल्यांकन प्रणाली की कथित अपारदर्शी प्रकृति को चुनौती दी गई है और नीट-पीजी आयोजित करने के लिए जिम्मेदार प्राधिकरण राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीई) को कई निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र और उत्तर कुंजी जारी करने व सही और गलत प्रश्नों को उजागर करने की मांग की गई है। इसके अलावा अंकों में विसंगतियों के मामलों में पुनर्मूल्यांकन या दोबारा जांच के लिए निर्देश देने की भी मांग की गई है।

## सार संक्षेप

### आज कोर्ट मे पेशी के लिए लखनऊ आ सकते हैं राहुल गांधी

लखनऊ।



यह मानहानि की शिकायत बॉर्डर रोड्स ऑर्गनाइजेशन (बीआरओ) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने दायर की थी। यह मामला फिलहाल लखनऊ की एक अदालत में लंबित है। शिकायत में दावा किया गया कि राहुल गांधी ने 16 दिसंबर 2022 को अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सेना के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की थी। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को भारत जोड़ो यात्रा के दौरान भारतीय सैनिकों पर अमर्यादित टिप्पणी मामले में मंगलवार को एमपी-एमएलए विशेष मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश होना है। आज पेशी के लिए राहुल गांधी लखनऊ आ सकते हैं। विशेष अदालत ने इस मानहानि मामले में दायर शिकायत का संज्ञान लेते हुए राहुल गांधी को आरोपी के रूप में तलब किया है। कांग्रेस नेता ने समन के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ में याचिका दायर की थी लेकिन उन्हें वहां से कोई राहत नहीं मिली।

### भारत-अमेरिका व्यापार पर मंगलवार को फिर शुरू होगी बातचीत



नई दिल्ली।

व्यापार समझौते को लेकर भारत और अमेरिका के बीच मंगलवार को फिर से वार्ता शुरू होने जा रही है। भारत की तरफ से वार्ता करने वाला अधिकारियों का दल अमेरिका पहुंच गया है और सप्ताह भर यह वार्ता चलने की उम्मीद है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता (बीटीए) को लेकर पहले से वार्ता चल रही है और आगामी सितंबर-अक्टूबर तक बीटीए के पहले चरण के पूरा होने की उम्मीद है। सूत्रों का कहना है कि वार्ता मुख्य रूप से बीटीए के लिए चल रही है और इस दौरान दोनों देशों के बीच अंतरिम व्यापार समझौते को लेकर भी बातचीत होगी और जिन पर पहले सहमति बनेगी, उसकी घोषणा हो जाएगी। आगामी एक अगस्त से ट्रंप सरकार ने पारस्परिक शुल्क के अमल की घोषणा की है और इससे पहले भारत अंतरिम व्यापार समझौता करना चाहता है। अमेरिका ने गत अप्रैल में भारत पर 26 प्रतिशत का पारस्परिक शुल्क लगाने की घोषणा की थी। ट्रंप ने गत सप्ताह 20 से अधिक देशों के लिए शुल्क की घोषणा की है जिन पर आगामी एक अगस्त से अमल किया जाएगा, लेकिन भारत के लिए अभी ऐसा कोई ऐलान नहीं किया गया है।

### सीएम योगी का बड़ा एलान

## यूपी की अर्थव्यवस्था जल्द पहुंचेगी 10% हिस्सेदारी के लक्ष्य पर



लखनऊ।

> मुख्यमंत्री ने कहा कि विभागों द्वारा प्रस्तुत किए जाने वाले आंकड़े पूरी तरह प्रमाणिक और अद्यतन होने चाहिए। कृषि, विनिर्माण, सेवा, ऊर्जा और मानव संसाधन जैसे प्रमुख क्षेत्रों के लिए स्पष्ट, समयबद्ध और परिणाम देने वाले रोडमैप तैयार किए जाएं। इसकी सतत समीक्षा की जाए। सही आंकड़ें ही नीति निर्माण के सही आधार बनते हैं। यही प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में तेजी से आगे ले जाने में सहायक होंगे। प्रदेश की अर्थव्यवस्था अब केवल आंकड़ों की प्रगति नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर बदलाव का प्रमाण बन चुकी है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि राज्य की अर्थ व्यवस्था 29.6 लाख करोड़ रुपये पहुंचने का अनुमान है। देश की अर्थव्यवस्था में यूपी की हिस्सेदारी 8.4 से बढ़कर 8.9 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने चालू वित्तीय वर्ष के अंत तक राज्य की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत करने के लक्ष्य को लेकर ठोस रणनीति बनाने के निर्देश दिए। सोमवार को आयोजित बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की आर्थिक स्थिति, विकास संरचना और राजस्व स्त्रोतों की समीक्षा करते हुए कहा कि राज्य की आर्थिक संरचना में स्पष्ट परिवर्तन दिखाई दे रहा है। प्रदेश की अर्थव्यवस्था केवल आंकड़ों की प्रगति नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर बदलाव का प्रमाण बन चुकी है। पिछले वित्तीय वर्ष 2024-25 तक राज्य की सकल घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) 29.6 लाख करोड़ रुपये रहने की उम्मीद है। इसमें वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में 80 प्रतिशत वृद्धि दिख रही है। विनिर्माण और सेवा क्षेत्रों की हिस्सेदारी में निरंतर वृद्धि हो रही है, जबकि कृषि आधारित हिस्सेदारी क्रमिक रूप से कम हो रही है। ह्यमेक इन यूपी माडल को अगले दशक के लिए औद्योगिक रणनीति का आधार बताते हुए उन्होंने निर्देश दिए कि ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में नई इकाइयों की स्थापना को प्रोत्साहन दिया जाए।



## 'भारत-चीन के बीच मतभेद विवाद में नहीं बदलने चाहिए': जयशंकर

नई दिल्ली।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को अपने चीनी समकक्ष वांग यी के साथ बैठक में कहा कि दोनों देशों के बीच मतभेद विवाद में नहीं बदलने चाहिए और न ही प्रतिस्पर्धा संघर्ष का रूप लेनी चाहिए।

सकारात्मक संबंध केवल आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी संवेदनशीलता के आधार पर ही बनाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले नौ महीनों में द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य बनाने की दिशा में हुई बेहतर प्रगति के बाद भारत और चीन को अब वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) से जुड़े टकराव वाले मसलों के समाधान पर ध्यान देना चाहिए। भारतीय विदेश मंत्री की 2020 में गलवन घाटी में सैन्य संघर्ष के बाद यह पहली चीन यात्रा है जिसे दोनों देशों के बीच तनाव कम करने और द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। चीन की तरफ से भारत के आर्थिक हितों को प्रभावित करने वाले एक के बाद एक कदमों का मुद्दा भी जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री के समक्ष उठाया।

### चीनी उप राष्ट्रपति से की विदेश मंत्री जयशंकर ने की मुलाकात

## दिसंबर में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू करेगी महाराष्ट्र सरकार

मुंबई।



### अन्य राज्यों की तुलना में होगा सख्त

महाराष्ट्र में फडणवीस सरकार धर्मांतरण रोकने के लिए कड़ा कानून बनाने जा रही है। महाराष्ट्र सरकार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र में धर्मांतरण रोकने के लिए एक कड़ा कानून बनाएगी। महाराष्ट्र की महायुति सरकार राज्य में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू करने जा रही है। राज्य के गृह राज्य मंत्री (ग्रामीण) पंकज भोयर ने इसे लागू करने की समयसीमा भी बता दी है। उन्होंने सोमवार को विधान परिषद में बोलते हुए कहा कि सरकार धर्मांतरण रोकने के लिए एक कड़ा कानून बनाएगी और इसके प्रावधान अन्य राज्यों में मौजूद इसी तरह के कानूनों की तुलना में अधिक कड़े होंगे। उन्होंने कहा कि हम इसे दिसंबर में लागू करेंगे। विधान परिषद में बोलते हुए गृह राज्य मंत्री (ग्रामीण) पंकज भोयर ने यह बातें शिवसेना नेता और मनोनीत एमएलसी मनीषा कायंदे द्वारा उठाये गए सवाल का जवाब देते हुए कहीं। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र ऐसा कानून लाने वाला 11वां भारतीय राज्य होगा। सदन में बोलते हुए गृह राज्य मंत्री ने कहा कि राज्य में धार्मिक धर्मांतरण के खिलाफ कानून बनाने के लिए पुलिस महानिदेशक की अध्यक्षता में एक पैनल का गठन किया गया है। यह कानून बाकी 10 राज्यों की तुलना में अधिक सख्त होगा। इस मुद्दे पर डीजीपी द्वारा तैयार रिपोर्ट सौंप दी गई है और आगामी (शीतकालीन) सत्र में कानून पारित कर दिया जाएगा। इससे पहले, महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भी राज्य विधानसभा में इसे लेकर जानकारी दी थी। उन्होंने राज्य विधानसभा में भाजपा के अनूप अग्रवाल और अन्य द्वारा उठाए गए मुद्दे पर बहस का जवाब देते हुए कहा था कि वह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से बात करेंगे कि कड़े प्रावधानों के साथ धर्मांतरण विरोधी कानून कैसे लाया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य में धर्मांतरण रोकने के लिए एक सख्त कानून बनाया जाएगा। गौरतलब है कि बीते कुछ समय में महाराष्ट्र में भी अवैध धर्मांतरण के काफी मामले सामने आए हैं।

## संपादक की कलम से

# सुशासन का जंगल राज

बिल्कुल साफ है कि बिहार में एक और जंगल–राज उभर आया है। पंख पसार लिए हैं और रोजाना की जिंदगी में दिखाई देता है। वैसे इसे सुशासन बाबू का राज कहा जाता रहा है। इस मुहावरे का इस्तेमाल कर राजनीतिक सत्ता बटोरी गई होगी! लेकिन अब हालात ऐसे हैं कि बीते 10 दिन में करीब 30 हत्याएं कर दी गई हैं। औसतन हर 10 घंटे में एक हत्याङ्क! राजधानी पटना भी हत्याओं का शहर बन गई है। पटना से लेकर सीवान, सीतामढ़ी, समस्तीपुर, बेगुसराय, पूर्णिया और नालंदा तक हत्याएं की जा रही हैं। हत्याएं लगातार की जा रही हैं। कह सकते हैं कि राज्य में बालू माफिया, जमीन माफिया, शराब माफिया आदि पहले भी मौजूद थे और आज भी दनदनाते सक्रिय हैं। नीतिश कुमार करीब 20 साल से मुख्यमंत्री हैं और गृहमंत्री का दायित्व भी उनके पास है। हत्याएं की जा रही हैं, लेकिन वह खामोश हैं। सरोकार और चिंता का एक भी बयान नहीं। शायद इसी को सुशासन राज कहते रहे हैं। कारोबारी, शिक्षक, नर्स, वकील, पशु चिकित्सक और किसान आदि कोई भी समुदाय हत्याओं से अछूता नहीं है। न जाने आवेश, आक्रोश, खुन्नस के भाव ऐसे क्या हैं कि बस गोलियां ही चला दी जाती हैं, छुरा भोंक दिया जाता है! भाजपा नेता तक की हत्या कर दी गई, जबकि भाजपा के राज्य सरकार में दो उपमुख्यमंत्री हैं। दोनों बयानबाज हैं। शायद उनका यही दायित्व तय किया गया होगा! उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सफाई देते हैं कि बिहार में कोई संगठित अपराध नहीं है। आपसी विवाद में लोग हत्याएं कर रहे हैं, तो सरकार क्या कर सकती है? सरकार किसलिए होती है, चुनाव में यह बता दिया जा सकता है, लेकिन बिहार की नियति जंगल राज ही है। अपराध लोगों के संस्कारों और उनकी सोच में ही निहित है। शायद इसीलिए आज भी बिहार देश का सबसे गरीब और पिछड़ा राज्य है। करीब 52 फीसदी लोग गरीब हैं। प्रति व्यक्ति आय 60–65,000 रुपए है, जबकि राष्ट्रीय औसत आय 2.50 लाख रुपए के करीब है। राज्य के अस्पतालों में डॉक्टर गिनती के हैं। वहां सुअरों और कुत्तों की पनाहगाह महसूस की जा सकती है। स्कूलों के एक क्लास रूम में दो–दो ब्लैक बोर्ड हैं और दो अध्यापक एक साथ पढ़ाने का नाटक करते रहते हैं। बच्चे भी आपस में पीठ करके जमीन पर बैठ कर शिक्षा प्राप्त करने की बेबसी ढोते रहते हैं। बाढ़ आ जाए, तो कुछ भी नष्ट हो जाता है। अलबत्ता महत्वपूर्ण पुल यूं ही ढहते रहते हैं। राज्य में विकास का एक भी सूचकांक नहीं है, कोई बड़ा उद्योग मौजूद नहीं है। अब प्रधानमंत्री मोदी ने बजट में मोटा प्रावधान कराया है, क्योंकि उनकी सरकार नीतीश कुमार के जनता दल–यू के 12 सांसदों के समर्थन पर टिकी है। बिहार में हर अपराध खूब फल–फूल रहा है। वर्ष 2022 में बिहार में 9200 से अधिक हत्याएं की गईं। उसके बाद राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो का डाटा उपलब्ध नहीं है। बिहार में जिस कालखंड को वाकई जंगल–राज के तौर पर कलंकित किया जाता रहा है, मौजूदा जंगल–राज भी उससे बहुत अधिक भिन्न नहीं है। उस दौर में लालू यादव और राबड़ी देवी बिहार के मुख्यमंत्री थे। उनके जंगल–राज को संगठित अपराध करार दिया जाता था। शायद तब पुलिस में प्राथमिकी तक दर्ज कराना भी जोखिम का काम था! मौजूदा जंगल–राज में प्राथमिकी दर्ज कर जांच भी की जाती है। गिरफ्तारियां भी की जाती हैं। तो क्या इसके मायने ये हैं कि लगातार हत्याओं से आंख मूंद लें? क्या इन हत्याओं को जंगल–राज न कहें? पुलिस की जिम्मेदारी तय न करें? दरअसल पुलिस के पास तमाम अपराधों और अपराधियों के सुराग होते हैं। रिकॉर्ड भी रखते हैं। मुख्यमंत्री से पुलिस तक कोई भी यह स्पष्ट करने को तैयार नहीं दिखा कि आखिर विधानसभा चुनाव से 3–4 माह पहले ही निरंतर हत्याएं क्यों बढ़ गई हैं?


ललित शर्मा
संपादक

## मोनिका डागा

## नमामि शमीशान नमामि शूलपाणि

कविता



सावन व्रत मेरा है सत्य संकल्पित,
श्रद्धा शब्द सुमन करूँ तुम्हें अर्पित,
हरो दुख मेरा महाकालेश्वर महेश,
तन मन सब तुमको किया समर्पित ।

गंगाजल तुम्हें नित मैं बाबा चढ़ाऊँ,
सुगंध धूप दीप और कपूर जलाऊँ,
करो कृपा कपालेश्वर कांटों क्लेश
प्रेम से भक्तिमय कीर्तन भी सुनाऊँ ।

शिवराज भक्तजन करें तेरी आराधना,
सावन मास की यह सुंदरतम साधना,
भरो भण्डार भूतेश्वर भूतनाथ भूतेश,
पूरी करो भोले सबकी मनोकामना ।

तुम करुणाकर कृपाल करुणानिधि,
देते हो भक्तों को ₹आनंद₹ सुधा निधि,
वर दो त्रिपुरारि त्रिकालज्ञ त्र्यंबकेश,
पाऊँ जीवन में सिद्धि शान्ति समाधि ।

कृपा से आपकी मेरी हो मधु वाणी,
सुखमय समृद्धिशाली हो हर प्राणी,
जगा दो ज्योति सर्वेश्वरदयाल सर्वेश,
नमामि शमीशान नमामि शूलपाणि ।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर , दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया ।संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# डिजिटल-क्रांति से ही नकली नोटों पर नियंत्रण संभव




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा हाल ही में जारी एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने न केवल अर्थव्यवस्था को, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और नागरिकों की जागरूकता को भी झकझोर कर रख दिया है। आरबीआई के गवर्नर द्वारा संसदीय समिति में प्रस्तुत एक रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2024-25 में 500 रुपए के लगभग 1.8 लाख नोट नकली पाए गए, जो पिछले वर्ष की तुलना में 37 प्रतिशत अधिक हैं। यह संख्या किसी सामान्य अपराध की नहीं, बल्कि राष्ट्र के विरुद्ध एक षड्यंत्र की कहानी कहती है। जो यह दशार्ता है कि कालाबाजारी करने वाले राष्ट्र विरोधी तत्व देश में मुद्रा की मांग का गलत फायदा उठा रहे हैं। विडंबना यह है कि राजस्व खुफिया निदेशालय द्वारा नोट में इस्तेमाल होने वाले आयातित कागज और नकली नोट छापने में शामिल ऑपरेटरों पर लगातार कार्रवाई के बावजूद यह गंभीर समस्या बनी हुई है। यह न केवल नकली मुद्रा के बढ़ते खतरे को रेखांकित करता है, बल्कि राष्ट्रविरोधी तंत्र की सुनियोजित साजिश का भी पदार्पाश करता है। जबकि 2016 में नोटबंदी के ऐतिहासिक निर्णय के साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि भ्रष्टाचार, कालेधन और नकली नोटों के खिलाफ लड़ाई उनकी प्राथमिकताओं में है। नोटबंदी केवल एक आर्थिक सुधार नहीं, बल्कि डिजिटल अर्थव्यवस्था की नींव रखने वाला साहसी एवं युगांतरकारी कदम था। आज भारत को सिर्फ बाहरी सीमाओं पर नहीं, बल्कि आर्थिक मोर्चे पर भी एक युद्ध लड़ना पड़ रहा है, नकली मुद्रा के खिलाफ, भ्रष्ट व्यवस्था के खिलाफ और राष्ट्रविरोधी मानसिकता के खिलाफ। इसमें विजय तभी संभव है, जब हम सब डिजिटल भारत के निर्माण में सहभागी बनें। नकली मुद्रा का मुद्दा केवल एक आर्थिक अपराध नहीं है। यह एक प्रकार का आर्थिक आतंकवाद है, जिसका उद्देश्य भारत की अर्थव्यवस्था को अस्थिर करना, महंगाई को बढ़ाना, काले धन को बढ़ावा देना और आतंकवाद को वित्त पोषण देना है। ये नकली नोट अधिकतर सीमापार से संचालित तंत्रों द्वारा भारत में भेजे जाते हैं, जो भारत की राजनीतिक स्थिरता, आर्थिक विकास और आंतरिक सुरक्षा को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। इस तरह राष्ट्र के विरुद्ध षड़यंत्र, साजिश एवं बड़े खतरों को अंजाम दिया जा रहा है। क्योंकि नकली नोट बाजार में असली नोटों के साथ मिलकर मुद्रा व्यवस्था को प्रभावित करते हैं। आम नागरिक अनजाने में इन्हें ले लेता है और आर्थिक नुकसान उठाता है। यह काले धन और आतंकवाद को पोषित करता है। नकली नोट सरकारी योजनाओं की निष्पक्षता और वितरण प्रणाली को भी प्रभावित करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी की डिजिटल क्रांति न केवल नकली नोटों को नियंत्रित करने का बल्कि राष्ट्र-विरोधी तत्वों को नेस्तनाबूद करने का सशक्त माध्यम है। यह मोदी की दूरदृष्टि एवं नये भारत-विकसित भारत के विजन की विजय है, उनके ही विचारों में डिजिटल लेन-देन केवल तकनीक नहीं, यह राष्ट्र निर्माण का माध्यम है। आज के भारत की अर्थव्यवस्था एक निर्णायक दौर से गुजर रही है। डिजिटल ग्राम योजना, ई-गवर्नेंस, डिजिटल साक्षरता अभियान यानी तकनीक को गाँव और गरीब तक पहुँचाने की पहल है। एक ओर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ रहा है, वहीं दूसरी ओर नकली नोटों की बाढ़ एक अदृश्य आतंकवाद बनकर देश की अर्थव्यवस्था, समाज और सुरक्षा को चुनौती दे रही है। निस्संदेह, हाल के वर्षों में, भारत ने नकली नोटों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने व काले धन पर रोक के लिये डिजिटल भुगतान को प्रोत्साहित करने के लिये अपनी स्थिति खासी मजबूत की है। सरकार की सोच है कि काले धन पर रोक लगाने के लिए नगद लेन-देन को हतोत्साहित किया जाए।


ललित गर्ग

इस संकट की घड़ी में डिजिटल लेन-देन एक बड़ी राहत और समाधान बनकर उभरा है। यूपीआई, भीम मोबाइल वॉलेट्स, नेट बैंकिंग और कार्ड पेमेंट्स जैसे साधन नकली नोटों की समस्या को जड़ से समाप्त करने में सहायक हो सकते हैं। डिजिटल लेन-देन के लाभ ही लाभ है, पूर्ण पारदर्शिता यानी हर लेन-देन का डिजिटल रिकॉर्ड होता है, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कर चोरी, हवाला, और मनी लॉन्ड्रिंग जैसी काली प्रवृत्तियाँ समाप्त होती है। नकली मुद्रा की संभावनाओं पर विराम लगता है, जिससे राष्ट्र-विरोधी तत्वों के षड़यंत्र एवं साजिशें नाकाम होती है। लेन-देन सेकंडों में पूरा होता है और उनमें सरलता भी रहती है। पासवर्ड आधारित सुरक्षा व्यवस्था से लेन-देन सुरक्षित रहता है। सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंचता है, पैसा सीधे उनके खातों में पहुँचता है, बिचौलियों की भूमिका समाप्त होती है। जिससे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण होता है। प्रधानमंत्री मोदी ने हर मंच पर डिजिटल लेन-देन को बढ़ावा देने की बात कही है। उन्होंने गाँव-गाँव जाकर लोगों को मोबाइल बैंकिंग, क्यूआर कोड, और कार्ड से भुगतान की शिक्षा देने की मुहिम चलाई है। इसका असर यह है कि आज भारत यूपीआई ट्रांजैक्शन में दुनिया में नंबर 1 है। डिजिटल इंडिया गरीब को ताकत देता है, मिडल क्लास को सुविधा देता है और राष्ट्र को मजबूती देता है। भारत की असली शक्ति अब डिजिटल प्रचलन बन रही है, जहाँ एक बटन से करोड़ों का ट्रांजैक्शन सुरक्षित होता है। मोदी की डिजिटल क्रांति ने भारत को इक्कीसवीं सदी की आर्थिक महाशक्ति बनने की दिशा में मजबूत आधार दे दिया है। हम सबकी जिम्मेदारी है कि इस डिजिटल युद्ध में सहभागी बनें, नकली नोटों को ना कहें, डिजिटल लेन-देन को अपनाएं। यही राष्ट्रभक्ति है, यही समय की माँग है। संदिग्ध नकदी की सूचना तुरंत संबंधित एजेंसियों को दें। नकली नोटों की पहचान करना सीखें और दूसरों को भी जागरूक करें। निश्चित ही जहाँ नकली नोट देश की आत्मा को खोखला करते हैं, वहीं डिजिटल मुद्रा राष्ट्र की नींव को मजबूत करती है। निस्संदेह, यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस यानी यूपीआई ने भारत के आर्थिक लेन-देन तंत्र में क्रांति ला दी है। भुगतान के तमाम विकल्पों ने भारतीय नागरिकों के आर्थिक व्यवहार को बहुत आसान बना दिया है। हालांकि, अभी भी ऐसे लोगों की कमी नहीं है जो डिजिटल माध्यम से लेन-देन में परहेज करते हैं। निस्संदेह, नकदी पर उनकी निर्भरता का मूल कारण डिजिटल शिक्षा का अभाव ही है। साथ-ही-साथ डिजिटल भुगतान से जुड़े घपल्ले एवं घोटाले भी है। साथ ही इसके कारणों में भ्रष्टाचार और कर चोरी की नीयत भी शामिल है। ऐसे में सरकार को डिजिटल खाई को पाटने की दिशा में रचनात्मक पहल करनी चाहिए। वहीं दूसरी आर्थिक अनियमितताएं करने वाले तत्वों से भी सख्ती से निबटा जाना चाहिए। हालांकि, दो हजार के नोट अब प्रचलन से बाहर हो चुके हैं, लेकिन उनका कानूनी आधार बना हुआ है। इस दिशा में यथाशीघ्र निर्णय लिया जाना चाहिए। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि नकली मुद्रा के पीछे कुछ संगठित राष्ट्रविरोधी शक्तियाँ सक्रिय हैं। पाकिस्तान स्थित आईएसआई और उसके सहयोगी संगठनों पर पहले भी ऐसे आरोप लगते रहे हैं कि वे नकली भारतीय मुद्रा भारत में भेजकर आतंकवाद और अलगाववाद को आर्थिक समर्थन देते हैं। देश की सरकार ने डिजिटल इंडिया, जनधन योजना, आधार लिंकिंग, और यूपीआई जैसी क्रांतिकारी योजनाओं के जरिए नकदी पर निर्भरता घटाने का प्रयास किया है। लेकिन यह लड़ाई अकेली सरकार नहीं जीत सकती। नकदी रहित अर्थव्यवस्था का सरकारी महत्वाकांक्षी लक्ष्य हासिल करने के मार्ग में अभी तमाम बाधाएं विद्यमान है। यह और भी बड़ी चिंता की बात है कि नोटबंदी के आठ साल बाद भी रियल एस्टेट क्षेत्र में काले धन का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल बना हुआ है। निस्संदेह, डिजिटल युग में भी ह्यनकदी ही राजा हैह्न मानने वालों को रोकने के लिये जांच और कानूनों को सख्ती से लागू करने की जरूरत है। साथ ही इस दिशा में भी गंभीरता से विचार करना चाहिए कि भारतीय अर्थव्यवस्था को कमजोर करने की कोशिश में लगी विदेशी ताकतों की नकली करेंसी के प्रसार में कितनी बड़ी भूमिका है। विगत में पाकिस्तान से ड्रग मनी व आतंकी संगठनों की मदद के लिये नकली करेंसी के उपयोग की खबरें सामने आती रही हैं।

# कांवड़ या हुड़दंग? आस्था की राह में अनुशासन की दरकार

*कांवड़ यात्रा का स्वरूप अब आस्था से हटकर प्रदर्शन और उन्माद की ओर बढ़ गया है। तेज डीजे, बाइक स्टंट, ट्रैफिक जाम और हिंसा ने इसे बदनाम कर दिया है। इसके विपरीत रामदेवरा जैसी यात्राएं आज भी शांत, अनुशासित और समर्पित होती हैं। इसका कारण है भक्ति में विनम्रता, प्रशासनिक अनुशासन और राजनीतिक हस्तक्षेप की कमी। अब जरूरत है कि भक्ति को भक्ति ही रहने दिया जाए — अनुशासन के साथ, समर्पण के साथ, और समाज के प्रति ज़िम्मेदारी के साथ।*

भारत जैसे धर्मप्रधान देश में तीर्थयात्राओं और धार्मिक यात्राओं का एक गहरा सामाजिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व रहा है। इन यात्राओं का उद्देश्य आत्मशुद्धि, समर्पण और शांति की प्राप्ति होता है। परंतु हाल के वर्षों में कुछ तीर्थ यात्राएँ, विशेषकर कांवड़ यात्रा, अपने मूल स्वरूप से भटक कर हंगामा, शोर-शराबा और अनुशासनहीनता का पर्याय बनती जा रही हैं। जहाँ एक ओर लाखों श्रद्धालु राजस्थान के रामदेवरा जैसे स्थानों पर सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर शांति और श्रद्धा से पूजा-अर्चना करते हैं, वहीं दूसरी ओर कांवड़ यात्रा के दौरान अक्सर सड़कों पर कब्जा, डीजे की धुनों पर नाचना, ट्रैफिक जाम, तोड़फोड़ और मारपीट की खबरें आती रहती हैं। सवाल उठता है – क्या आस्था का मतलब अराजकता है? कांवड़िये ही हुड़दंग क्यों करते हैं, जबकि अन्य तीर्थयात्राएँ शांति से होती हैं?

श्रद्धा का स्वरूपः विनम्रता या प्रदर्शन?

भारत में धार्मिक यात्राओं का इतिहास पुराना है – पदयात्रा, व्रत, नियम और तपस्या इनका मूल हिस्सा रहे हैं। लेकिन कांवड़ यात्रा, खासकर उत्तर भारत के कुछ इलाकों में, अब एक शक्ति प्रदर्शन में बदलती जा रही है।

श्रद्धालु अब भक्त कम, और ₹रौबदार शिवभक्त₹ ज्यादा नजर आते हैं। बाइक पर 10-15 लोग, डीजे बजाते ट्रक, और शोर-शराबे में हर-हर महादेव का नारा – यह सब आस्था से अधिक दिखावे और गुटबाजी का प्रतीक लगता है।

इसके विपरीत रामदेवरा की यात्रा में न कोई सुरक्षा खतरा, न सरकारी तामझाम, फिर भी वहां अनुशासन और सेवा का वातावरण होता है। ऐसा क्यों?

मर्दानगी और ₹हर-हर महादेव₹ का नया संस्करण

कांवड़ यात्रा में आज जो हुड़दंग दिखाई देता है, वह भक्ति का नहीं, मर्दानगी का अवतार है। ₹हर-हर महादेव₹ जैसे पवित्र नारे को कई बार उग्रता और हिंसा के साथ जोड़ दिया गया है।

यह माचो मर्दानगी का ऐसा संस्करण है जिसमें भक्त बाइक पर स्टंट करता है, तेज म्यूज़िक पर झूमता है और किसी ने कुछ कहा तो झगड़े पर उतर आता है।


प्रियंका सौरभ

रामदेवरा में लोग अपने परिवार के साथ, बड़ों के आशीर्वाद के साथ जाते हैं। वहाँ शांति, सेवा और दर्शन ही उद्देश्य होता है, न कि सोशल मीडिया रील्स और तड़क-भड़क।

प्रशासनिक ढिलाई और राजनीतिक मजबूरी

प्रशासन के लिए कांवड़ यात्रा अब आस्था का नहीं, सिरदर्द का विषय बन गई है। रास्तों को बंद करना पड़ता है, जबरदस्ती स्कूल-कॉलेज की छुट्टियाँ करनी पड़ती हैं और पुलिस को कांवड़ियों को ₹मना करने₹ की हिम्मत नहीं होती।

इसके पीछे एक बड़ा कारण है – राजनीतिक संरक्षण। कोई भी सरकार कांवड़ियों को नाराज नहीं करना चाहती, विशेषकर जब धार्मिक भावनाएं उबाल पर हों। नतीजा यह होता है कि कुछ असामाजिक तत्व इस ढील का फायदा उठाकर पूरे आयोजन को बदनाम कर देते हैं।

सोशल मीडियाः भक्ति या ब्रांडिंग?

आजकल कांवड़ यात्रा का एक और बड़ा आयाम है – सोशल मीडिया प्रमोशन। भक्त कम, ₹इन्फ्लुएंसर₹ ज्यादा हैं। कोई रील बना रहा है, कोई फेसबुक लाइव कर रहा है, कोई अपने ट्रक की सजावट दिखा रहा है।

भक्ति अब कैमरे के सामने ₹पोज₹ करने की प्रक्रिया बन गई है। रामदेवरा जैसे स्थलों पर ऐसी कोई प्रवृत्ति नहीं दिखती। वहाँ लोग अपने मन और आत्मा से जुड़ते हैं, न कि अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से।

समूह की ताकत और मनोवैज्ञानिक भ्रम

कांवड़ यात्रा का एक बड़ा पहलू है – भीड़ की ताकत और समूह मनोविज्ञान। जब सैकड़ों-हजारों लोग एक साथ चलते हैं तो व्यक्ति की जिम्मेदारी गायब हो जाती है। कोई एक गलती करता है, और पूरी भीड़ प्रतिक्रिया में उग्र हो जाती है।

रामदेवरा जैसी यात्राओं में लोग छोटे-छोटे समूहों में या व्यक्तिगत रूप से जाते हैं। वहाँ अनुशासन भी व्यक्तिगत होता है और उत्तरदायित्व भी।

आस्था और उन्माद में अंतर

कांवड़ यात्रा में जो देखा जा रहा है, वह भक्ति नहीं, उन्माद है। यह वह धर्म नहीं है जिसकी शिक्षा भगवान शिव देते हैं। वे तो योगी हैं, शांति और तपस्या के प्रतीक हैं।

उन्हीं शिव के नाम पर सड़कें कब्जा करना, गाड़ियों में तोड़फोड़ करना, दुकानें बंद करवाना – यह कहां की भक्ति है? क्या यह ईश्वर को प्रसन्न करता है या समाज को संकट में डालता है?

समाधानः भक्ति में अनुशासन और प्रशासन में दृढ़ता

समस्या की पहचान जरूरी है, लेकिन समाधान भी उतना ही जरूरी है। इस दिशा में निम्नलिखित सुझाव कारगर हो सकते हैं:

धार्मिक संगठनों को आगे आना चाहिए जो कांवड़ यात्रा का संयोजन करते हैं, उन्हें स्वयं अनुशासन और संयम का संदेश देना होगा।

प्रशासन को राजनीतिक दबाव से ऊपर उठकर कानून का पालन करवाना चाहिए, चाहे वह कोई भी समुदाय हो।

भक्तों को आत्मचिंतन करना चाहिए कि क्या उनकी यात्रा भगवान शिव को प्रसन्न कर रही है या बदनाम कर रही है।

सोशल मीडिया पर फालतू दिखावे की प्रवृत्ति को हतोत्साहित करना चाहिए, और असामाजिक तत्वों की पहचान कर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

# नॉर्थ कोरिया,रूस और चीन की जुगलबंदी बढ़ गई डोनाल्ड ट्रंप की बेचैनी

अमेरिका में डोनाल्ड ट्रंप के दूसरी बार राष्ट्रपति पद की ताजपोशी के साथ-साथ डोनाल्ड ट्रंप द्वारा रूस यूक्रेन युद्ध के युद्ध को विराम तो नहीं दे पाए किंतु युद्ध की आग को और भड़का दिया है। उधर परमाणु संपन्न देश चीन नॉर्थ कोरिया और रूस की त्रिगुटीय जुगलबंदी ने अमेरिका सहित नाटो यूरोपीय देश और यूक्रेन की नींद उड़ा दी है। उल्लेखनीय की नॉर्थ कोरिया और साउथ कोरिया के आपस के कड़वे रिश्ते के बीच अमेरिका का साउथ कोरिया को लेकर काफी हस्तक्षेप है जिसे नॉर्थ कोरिया कई दशक से पसंद नहीं करता आया है ।संयुक्त राष्ट्र संघ और एमनेस्टी इंटरनेशनल की भूमिका निरर्थक हो चुकी है वैसे भी संयुक्त राष्ट्र संघ अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की कठपुतली बन चुका है। क्या मानवीय संवेदनाओं की आशाएं निर्मूल साबित हो रही हैं। वैश्विक शांति और अमन की कल्पनाओं से परे वैश्विक युद्ध की आशंका में उत्तर कोरिया ने भी अपना मोर्चा खोल दिया है ताजा ताजा घटनाक्रम में रूस के विदेश मंत्री लावरोव उत्तर कोरिया के दौरे पर जाकर वहां के समकक्ष चोई सांन संग से उत्तर कोरिया के शहर पूर्वी वोंनसान में अत्यंत महत्वपूर्ण मीटिंग की है ।रूसी विदेश मंत्री लावरोव ने उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन से भी मुलाकात कर रुस को यूक्रेन और अमेरिका के खिलाफ समर्थन देने की बात रखी जवाब में उत्तरी कोरिया के तानाशाह नेता किम जोंग उन ने रूस को अमेरिका यूरोप और यूक्रेन के खिलाफ निशर्त खुला समर्थन देने की घोषणा कर दी है। गौरतलब है कि उत्तरी कोरिया पिछले कई महीनो से मिसाइल का परीक्षण कर साउथ कोरिया अमेरिका तथा यूरोपीय देशों को सीधा-सीधा संदेश दिया है कि साउथ कोरिया और नॉर्थ कोरिया के संबंधों के बीच किसी देश के हस्तक्षेप को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। उत्तर कोरिया की आधिकारिक न्यूज एजेंसी कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी के अनुसार दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया के बीच अब तनाव बढ़ने लगा है उधर उत्तर कोरिया के बढ़ते परमाणु कार्यक्रम के जवाब में अमेरिका दक्षिण कोरिया व जापान त्रिपक्षीय त्रिपक्षी संधियां और सैनिक अभ्यास का विस्तार तथा फिर से बहाली कर रहे हैं। तीनों देशों ने उत्तर कोरिया के रूस और चीन को समर्थन देने के और परमाणु परीक्षणों के खिलाफ दक्षिण कोरिया प्रायद्वीप के पास अमेरिकी परमाणु सक्षम बम वर्षको के साथ संयुक्त हवाई अभ्यास किया है। उल्लेखनीय है कि तीनों देशों के सैन्य प्रमुखों ने एक गंभीर बैठक कर उत्तर कोरिया से क्षेत्रीय सुरक्षा को खतरा पैदा करने वाली सभी गैर कानूनी गतिविधि बंद करने का आह्वान किया है वैसे भी उत्तर कोरिया अमेरिका के नेतृत्व में दक्षिण कोरिया और जापान के इस युद्ध अभ्यास को उत्तर कोरिया के खिलाफ होने वाले हमले का पूर्व अभ्यास मानता है। उत्तर कोरिया ने दक्षिण कोरिया पर बड़े हमले की चेतावनी भी दे डाली है। इन परिस्थितियों में विश्व में चल रहे रूस यूक्रेन युद्ध तथा इसराइल हमास लेबनान ईरान युद्ध के अलावा उत्तर कोरिया ने हमले की धमकी देकर एक नये युद्ध का मोर्चा खोल दिया है यह तो सर्व विदित है कि उत्तर कोरिया का तानाशाह किम जोंग-उन एक सनकी तानाशाह है और अमेरिका पर परमाणु युद्ध के हमले की गाहे-बगाहे धमकियां भी दिया करता है उत्तर कोरिया दक्षिण कोरिया की किसी भी हिमाकत पर उस पर हमला कर सकता है।


संजीव ठाकुर

# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला उर्वरक समिति की बैठक सम्पन्न

**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**




**रामपुर।** मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में जिला उर्वरक समिति की बैठक विकास भवन स्थित उनके कार्यालय कक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने समस्त उर्वरक कम्पनी के प्रतिनिधियों एवं उर्वरक थोक विक्रेताओं को उर्वरक की बिक्री निर्धारित दरों एवं टैगिंग रहित कराने के कड़े निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने जिला कृषि अधिकारी एवं सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक को जनपद में खरीफ फसलों के दृष्टिगत उर्वरकों की शत-प्रतिशत उपलब्धता बनाये रखने, उर्वरकों की कालाबाजारी पर अंकुश लगाने के निर्देश दिये। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि टॉप-20 बायर्स की नियमानुसार जांच की जाये और उर्वरकों के बिक्री निर्धारित दरों से अधिक पर करने या टैगिंग करने वाले प्रतिष्ठानों/कम्पनी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही करें। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में खरीफ फसलों के दृष्टिगत पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है। यदि किसी विक्रेता द्वारा उर्वरकों की बिक्री निर्धारित दरों से अधिक पर की जाती है अधवा उर्वरक के साथ कोई अन्य कम प्रचलित उत्पाद जबरन दिया जाता है, कृषक इसकी शिकायत अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के कण्ट्रोल रूम नम्बर 9456884920, 9258909256 एवं 9458846182 पर दर्ज करा सकते है। शिकायत का तत्काल संज्ञान लेते हुए दोषी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी।

बैठक में उप कृषि निदेशक राम किशन, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक रामपुर डॉ. गणेश गुप्ता, अधीक्षक राजकीय उद्यान अजय कुमार, गन्ना पर्यवेक्षक, विभिन्न उर्वरक कंपनियों के जिला/क्षेत्रीय प्रतिनिधि एवं समस्त उर्वरक थोक विक्रेता उपस्थित रहे।

## 15 जुलाई को बृहद रोजगार मेला एवं विश्व युवा कौशल दिवस के कार्यक्रम का आयोजन

**मथुरा।** जिला समन्वयक उ०प्र० कौशल विकास मिशन ने बताया ₹दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना₹ (डी०डी०यू-जी०के०वाई०) के अन्तर्गत जनपद में दिनांक 15-07-2025 को समय 10:00 बजे स्थान-पाञ्चजन्य प्रेक्षागृह में बृहद रोजगार मेला एवं विश्व युवा कौशल दिवस के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त रोजगार मेला में कम से कम 10 बड़ी नियोक्ता कम्पनियों द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा, जिसमें जनपद में बेरोजगार युवक एवं युवतियों को अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराये जायेगें। इच्छुक युवक एवं युवतियां जिनकी योग्यता (योग्यता 10₹, 12₹, आईटीआई ऑल ट्रेड्स/उ०प्र० कौशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण प्राप्त/उच्च शिक्षा प्राप्त/अन्य) अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र, वायोडाटा, 2 फोटो एवं आधारकार्ड के साथ रोजगार मेले में सुबह 10:00 बजे साक्षात्कार हेतु प्रतिभाग करें। जिससे अधिक से अधिक अभ्यर्थियों को रोजगार मेले का लाभ प्रदान कराया जा सके।

# रामपुर नाबालिक बच्चों की जमीन के संबंध में एसडीएम को ज्ञापन दिया



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** राष्ट्रीय लोक दल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू अपने कार्यकताओं के साथ एसडीएम सदर मोनिका सिंह के पास पहुंचे प्रदेश महासचिव ने कहा कि ग्राम बगडणखा तहसील सदर रामपुर नाबालिक बच्चों की जमीन के संबंध में एसडीएम साहिबा को ज्ञापन दिया ज्ञापन में मांग की गई है कि संबंधित लेखपाल कानून गो नायब तहसीलदार की टीम बनाकर जमीन को कब्जा मुक्त कराया जाए क्योंकि पीड़ित लोगों के पिता और माता का निधन हो चुका है नाबालिक बच्चे हरनाम सिंह राजीव मुस्कान उक्त जमीन के मालिक और काबिज हैं जिसका विरासत भी राष्ट्रीय लोक दल के प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू के द्वारा चढ़ाई गई है जिसमें लेखपाल अतुल कुमार ने अच्छा साथ दिया है राष्ट्रीय लोकदल चाहता है कि पूरे देश और प्रदेश में गरीब मजदूर किसान का भला हो ज्ञापन देने वालों में नाजिम गनी मोहसिन नाना महफूज खान हरनाम सिंह राजीव मोहम्मद उमर भरा आदि लोग मौजूद है।

## श्रद्धालु दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन पर एप को अपने मोबाइल फोन में इंस्टाल करेंगे

**वेलकम इंडिया**

**रामपुर।** जनपद रामपुर वासियों को सूचित किया जाता है कि रामपुर पुलिस द्वारा पवित्र श्रावण माह कावंड़ यात्रा हेतु हरिद्वार एवं बृजघाट आदि स्थानों से जल लाने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा, कुशलता, रियल टाइम लोकेशन एव सम्पर्क बनाये रखने हेतु कावंड़ जत्था मोबाइल एप बनाया गया है, जिसे दिये गये क्यू0 आर0 कोड के माध्यम से डाउनलोड किया जा सकता है।

**क्या करें-** श्रद्धालु दिये गये क्यूआर कोड को स्कैन पर एप को अपने मोबाइल फोन में इंस्टाल करेंगे।

प्रतिदिन सुबह-शाम उक्त एप को ओपन करेंगें तथा फॉर्म में अपना नाम, पता, मोबाइल नम्बर एवं कुशलता भरकर सेव करेंगे।

उक्त मोबाइल एप का प्रयोग करते समय मोबाइल की लोकेशन ऑन रखेंगे।

**अपील:-** जल लाने हेतु जनपद रामपुर से आने-जाने वाले समस्त श्रद्धालुओं से रामपुर पुलिस अपील करती है कि उक्त मोबाइल एप को अपने फोन में इंस्टाल कर प्रयोग करें। जिससे रामपुर पुलिस लगातार आपके सम्पर्क में रहकर आपकी सुरक्षा सुनिश्चित कर सके।

आइये इस पवित्र श्रावण माह में कांवड यात्रा को श्रद्धा भाव से सकुशल संपन्न कराने में रामपुर पुलिस का सहयोग करें।

# पुलिस मुठभेड़ में लंगड़े हुए तीन बदमाश

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** स्वाट/ टीम सर्विलांस टीम व नूरपुर पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लूट की दो घटनाओं का किया खुलासा। भाजपा नेता व टायर व्यापारी विनोद कुमार चौहान पुत्र हरपाल सिंह निवासी ग्राम किरतपुर थाना चांद्पुर जनपद बिजनौर, हाल निवासी थाना नूरपुर 11 जुलाई की रात अपनी मोटरसाइकिल से नूरपुर से अपने गांव किरतपुर जा रहे थे। जैसे ही वह ग्राम आजमपुर रामनाथ पब्लिक स्कूल के पास पहुंचे तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार चार अज्ञात बदमाशों ने विनोद को धक्का मारकर गिरा दिया व मारपीट कर उसकी जेब से नगदी, मोबाइल व मोटरसाइकिल लूट कर मौके से फरार हो गए। इस संबंध में थाना नूरपुर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। वही संतोष देवी पत्नी ओंमकार सिंह निवासी ग्राम सालाराबाद थाना धामपुर जनपद बिजनौर ने थाना शिवाला कला पर तहरीर दी कि वह चांद्पुर चौराहे से टेंपो में बैठकर शिव नर्सिंग होम जा रही थी तभी रास्ते में टेंपो रुकने पर दो अज्ञात लड़कों ने उसका बैग छीना और मोटरसाइकिल से फरार हो गए बैग में कपड़े मोबाइल चार्जर व जरूरी कागज, इस संबंध में थाना शिवाला कला पर मुकदमा दर्ज किया गया। सूचना पर वरिष्ठ अधिकारियों एवं स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया। व घटना के शीघ्र अनावरण हेतु तीन टीम में गठित की गई थी। पुलिस प्रेस नोट के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई तीन अभियुक्त लूट की मोटरसाइकिल को बेचने की फिराक में है और वह नहटौर चौराहे से निकलने वाले हैं। सूचना मिलने पर थाना नूरपुर पुलिस द्वारा एक संदिग्ध मोटरसाइकिल को रोकने का प्रयास किया गया। मोटरसाइकिल सवार अपनी मोटरसाइकिल को लेकर नूरपुर तिराहे की और भागने लगे। उक्त अभियुक्तों के भागने के संबंध में पुलिस टीम द्वारा थाना प्रभारी शिवाला कला व गोरखधाम चौकी पर चेकिंग कर रही पुलिस टीम को सूचित किया गया। गोरखधाम चौकी पर चेकिंग कर रही पुलिस टीम को देखकर बान नदी के पास ग्राम तंगरौला के जंगल की तरफ भागे और उनकी मोटरसाइकिल फिसल गई, इसके बाद अभियुक्तों द्वारा भागते हुए पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किए गए। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में तीन अभियुक्तों के पैर में गोली लगी जिनको घायल अवस्था में गिरफ्तार कर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के पूछताछ करने पर अभियुक्तों ने अपने नाम पंकज यादव पुत्र विजेंद्र सिंह निवासी ग्राम बूचानांगल थाना चांदपुर, शारिक पुत्र शहजादा व मूसा पुत्र इखलाक मासी ग्राम बीलना थाना नौगांव सादात जनपद अमरोहा बताया। सभी के कब्जे से तीन तमंचे 315 बोर, चार जिंदा कारतूस व दो खोका कारतूस बरामद किए गए इस संबंध में थाना नूरपुर पर संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम मे नूरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक जय भगवान सिंह, शिवाला कला थाना अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रभारी स्वाट टीम सचिन मलिक, प्रभारी सर्विलांस टीम योगेश कुमार, उप निरीक्षक प्रमोद कुमार, उप निरीक्षक शिवा नैन सहित पुलिस टीम रही।

## पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना गंज का किया गया आकस्मिक निरीक्षण



**वेलकम इंडिया गुलजार आलम**

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ थाना गंज का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने कम्प्यूटर कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, विवेचना कक्ष, मालखाना आदि एवं विभिन्न पॉर्टल पर की जाने वाली फीडिंग का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसके पश्चात अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के साथ पवित्र श्रावण मास/कांवड़ यात्रा, अपराध नियन्त्रण, कानून/शान्ति व्यवस्था तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना गंज क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण/भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल पैदल गश्त की गयी।

# श्रीकल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का चौधरी रणबीर सिंह के घर पहुंचने पर भव्य स्वागत



**वेलकम इंडिया: नितिन शर्मा**



**नूरपुर :** श्रीकल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का राष्ट्रीय लोक दल के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी रणवीर सिंह के मोहल्ला चौधरीयान स्थित उनके घर पहुंचने पर, श्रीकल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम का चौधरी रणवीर सिंह, सचिन चौधरी, आकाश चौधरी आदि ने माला व पटका पहनाकर भव्य स्वागत किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता प्रकोष्ठ रालोद अमरजीत सिंह, रालोद के क्षेत्रीय महासचिव चौधरी रणबीर सिंह, चेयरमैन डॉ. एमपी सिंह, सचिन चौधरी, आकाश चौधरी, चेयरमैन अमित चौधरी, राजेश चौहान, टिल्लू त्यागी, उमेश त्यागी, सतीश चौहान, नवीन कुमार, नवनीत कुमार, प्रमोहन सिंह, मुकेश भुइयार, सुनीश चौधरी, वीर सिंह चौधरी आदि मौजूद रहे।

## सावन का महीना आस्था, प्रकृति एवं समृद्धि का संगम



सतवेन्दर सिंह गुजराल, वरिष्ठ पत्रकार, बिजनौर

सावन का महीना हिंदू धर्म में विशेष महत्व रखता है। सावन का महीना भगवान शिव की आराधना के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। इस महीने में भक्तजन सोमवार का व्रत रखते हैं और शिवलिंग पर जल, दूध एवं अन्य भोग अर्पित करते हैं। सावन में कांवड़ यात्रा का भी आयोजन होता है, जिसमें श्रद्धालु गंगा या अन्य पवित्र नदियों से जल लेकर अपने-अपने गाँव या शहर के शिवालाओं में अर्पित करते हैं। सावन का महीना न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह कृषि के लिए भी अत्यंत आवश्यक होता है। इस समय अच्छी बारिश होने से फसलों की बुवाई होती है और किसान अपने खेतों में काम करते हैं। यह समय प्राकृतिक सौंदर्य का भी होता है, जब हरियाली चारों ओर बिखरी होती है। यह महीना मुख्यत जुलाई एवं अगस्त के मध्य आता है और इसे श्रावण मास भी कहा जाता है। सावन का महीना वर्षा ऋतु के दौरान आता है, जब प्रकृति में हरियाली और जीवन का संचार होता है। इस समय चारों ओर बारिश होती है, जिससे फसलें लहलहाती हैं और वातावरण में ताजगी बनी रहती है। सावन के महीने में विभिन्न त्यौहारों और मेले का आयोजन भी होता है। महिलाएं इस दौरान विशेष रूप से रंग-बिरंगे कपड़े पहनती हैं और झूला झूलने का आनंद लेती हैं। सावन में मनाए जाने वाले त्यौहारों में हरियाली तीज और रक्षाबंधन शामिल हैं।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, शव मिलने से मचा हड़कंपम



**जनपद बिजनौर मडावर।** सोमवार की सुबह मंडावर थाना पुलिस को सूचना मिली कि बालावाली चौकी के अंतर्गत पुल के रेलवे लाइन पर एक अज्ञात युवक का शव पडा हुआ है। तभी सीओ सिटी राकेश वशिष्ठ मडावर थाना प्रभारी राजकुमार सरोज, अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे मैं लेकर उसकी जान पहचान की तो मृतक की पहचान सिकंदर पुत्र रामदेव मंडल, गांव रामपुर मोहनपुर, थाना बैरगांछी, जिला अररिया बिहार निवासी के रूप में हुई।

पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल बिजनौर भेज दिया और अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

## विश्व पटल पर अपनी अमिट पहचान बना रहा, हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज हल्दौर

**वेलकम इंडिया: नितिन शर्मा**



**बिजनौर :** स्वर्गीय दिलावर सिंह मेमोरियल शिक्षा समिति हल्दौर के निदेशक डॉ अनुज कुमार के सयुंक्त शोध संग्रह ने गांव, शहर, क्षेत्र जनपद नहीं बल्कि विश्व पटल पर अपना परचम लहराया है। स्मार्ट टिकाऊ एवं भवन और शहरों की दिशा मैं अंतराष्ट्रीय शोध विषय पर फ्रंटियर्स (स्विट्जरलैंड) जर्नल में विशेष संग्रह प्रकाशित हुआ है इस संग्रह का संपादन चार विशेषज्ञों डॉ अनुज कुमार (निदेशक हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज), डॉ निशांत राजकपूर (बहु विषयक अनुसंधान इंजीनियर), डॉ अशोक कुमार (उत्कृष्ट वैज्ञानिक राष्ट्रीय वास्तुकार) एवं डॉ तबिश आलम (वरिष्ठ यांत्रिक वैज्ञानिक) द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। हल्दौर ग्रुप ऑफ कॉलेज के निदेशक डॉ अनुज कुमार ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य केवल तकनिकी प्रगति नहीं बल्कि समग्र, मानव केंद्रित और जलवायु परिवर्तन केंद्रित विकास को बढ़ावा देना है जिससे एक अधिक टिकाऊ और समावेशी भविष्य की राह खुलती है यह संग्रह इस बात को दशार्ता है की गुणवत्ता और ऊर्जा दक्षता परस्पर विरोधी नहीं बल्कि सहजीवी सिद्धांतों पर आधारित है। इस सम्पादकीय में 28 लेखकों 9 समीक्षकों 24 संस्थानों (18 शैक्षेणिक, 3 शोध, 3 औद्योगिक) की सहभागिता रही है जो दुनिया के 9 देशों (भारत, बांग्लादेश, कनाडा, अमेरिका, जर्मनी, ब्रिटेन, ईरान, इराक और रोमानिया) से जुड़े हैं अब तक इस टॉपिकल कलेक्शन को 85 प्लस देशों के 8000 से अधिक पाठकों ने पढ़ा है जिश्में फ्रांस मैं सर्वाधिक पाठक है। बाद अमेरिका, भारत, चीन, बांग्लादेश।, कनाडा, जर्मनी और सिंगापुर शामिल है जो मिलकर विश्व भर के लगभग 60 % पाठकों का प्रतिनिधितव करते है।

# ग्रामीण विकास समृद्धि संस्थान ने बच्चों को बांटी स्टेशनरी, शिक्षा को बढ़ावा देने का प्रयास

**वेलकम इंडिया**




**मिल्कीपुर अयोध्या।** प्रधानाध्यापक विवेक सिंहप्रताप सिंहमिल्कीपुर शिक्षा क्षेत्र में बच्चों को प्रोत्साहित करने और उनकी पढ़ाई को समर्थन देने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास एवं समृद्धि पहल संस्थान ने सोमवार को कंपोजिट विद्यालय गोकुला में स्टेशनरी वितरण का आयोजन किया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने स्वयं स्कूल पहुंचकर बच्चों को कॉपी, पेंसिल, कलम, रबड़ जैसी आवश्यक स्टेशनरी सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में चिलबिली चौकी इंचार्ज आशीष सिंह भी शामिल हुए और उन्होंने भी बच्चों को स्टेशनरी प्रदान की। चौकी इंचार्ज आशीष सिंह ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा, ₹बच्चे देश का भविष्य हैं। आप सभी मन लगाकर पढ़ाई करें और अपने सपनों को साकार करें।₹ उन्होंने बच्चों को प्रेरित करते हुए शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। वहीं, संस्थान के अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा, ₹बच्चे मन के सच्चे होते हैं। हमारा संस्थान हर साल बच्चों को स्टेशनरी वितरित करता है ताकि उनकी पढ़ाई में किसी तरह की बाधा न आए।₹ उन्होंने बताया कि गोकुला के कंपोजिट विद्यालय में 200सौ बच्चों को 400सौ कॉपियां वितरित की गईं, जिसमें प्रत्येक बच्चे को दो-दो कॉपियां दी गईं। यह पहल केवल गोकुला तक सीमित नहीं रही। आशुतोष सिंह ने बताया कि संस्थान ने प्राथमिक विद्यालय सथरी, बिसुनपुर, नरेंद्र भादा, टिकरा, तेंधा, सिधौना, वसापुर और बिरौली में भी स्टेशनरी वितरण किया। इन स्कूलों में कुल 4000 स्टेशनरी सामग्री बच्चों के बीच बांटी गई। आशुतोष सिंहन बताया कि अमेरिका में कृषि हमारे चाचा हरि प्रताप सिंह, व चाची अर्चना सिंह के निर्देश पर हर वर्ष बच्चों को स्टेशनरी दी जाती है।

# चेयरमैन इंजीनियर और मंडी सचिव ने व्यापारियों के साथ किया पौधारोपण

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**नजीबाबाद।** मंडी परिसर में पर्यावरण और सफाई को लेकर जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसके बाद मंडी परिसर में पौधारोपण किया गया। मंडी में अच्छा काम करने वाले व्यापारियों को सम्मानित भी किया गया है। सोमवार को कृषि उत्पादन मंडी समिति के कार्यालय पर सफाई और पौधारोपण अभियान को लेकर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि चेयरमैन इंजीनियर मौअज्जम खान ने शिरकत की। मीटिंग का संचालन किन्नू व्यापारी हाशिम अहमद ने किया। इस मौके पर चेयरमैन इंजीनियर मौअज्जम खान ने ऑक्सीजन का महत्व बताते हुए मंडी को हरा भरा रखने के लिए व्यापारियों से भी पौधारोपण करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार मानव जीवन में बैंकों के अंदर धन को जमा किया जाता है इस तरह ऑक्सीजन के लिए पौधारोपण होना बेहद जरूरी है ताकि स्वच्छ वातावरण लोगों को मिल सके। मंडी सचिव सचिन शर्मा ने सफाई में सहयोग देने पर हाजी शहजाद को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया तथा किन्नु व्यापारी हाशिम अहमद की फर्म इंडियन ट्रेडिंग कंपनी द्वारा ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से समय पर मंडी टैक्स अदा करने पर सम्मानित किया गया। उन्होंने अन्य व्यापारियों से भी मंडी परिसर की सफाई में सहयोग देने की अपील की है। इस मौके पर डॉक्टर इदरीस अंसारी (सदर), हफीज खलीफा, मास्टर यूनुस, नफीस केले वाले, हाजी अतीक, हाजी नईम, शहंशाह आलम, मौहम्मद आबिद, भोलू, फजलुर रहमान, हाजी शहजाद, रईस आरटीओ, हाजी कामिल, हाजी नासिर, अन्नू, फईम अहमद, अयाज आलम, सरफराज, तस्लीम कुरैशी, मौहम्मद मुशा आदि मौजूद रहे।

# नेहरू स्पोर्ट्स स्टेडियम बिजनौर में आयोजित जनपद स्तरीय जूनियर ताईक्वाण्डों

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर बालक प्रतियोगिता उदघाटन व समापन कौशलेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर व डा0 कृष्णाकांत राहुल उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर द्वारा किया गया। समापन समारोह में कौशलेन्द्र सिंह मुख्य चिकित्सा अधिकारी बिजनौर ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित किए और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि– ₹जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों के लिए एक मजबूत मंच प्रदान करती हैं, जहां वे अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं और राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयारी कर सकते हैं। राजकुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी बिजनौर ने अपने संबोधन में कहा खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम हैं। ये न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि आत्मअनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम वर्क जैसी गुणों को भी विकसित करते हैं।₹ उन्होंने कहा कि जिला क्रीड़ा विभाग द्वारा समय-समय पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है ताकि छात्र-छात्राओं को अपनी प्रतिभा दिखाने और उच्च स्तर पर चयनित होने के अवसर मिल सकें। हिमांशु सहायक जिला खेल कार्यालय बिजनौर ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि जो खिलाड़ी इस स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं, उनके लिए राज्य और राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचने के रास्ते खुलते हैं। साथ ही उन्होंने सभी प्रशिक्षकों और शारीरिक शिक्षकों का आभार व्यक्त किया जिन्होंने खिलाड़ियों को तैयार करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपरोक्त प्रतियोगिता में राजू राजपूत, सचिव, जिला बिजनौर ताइक्वांडो एसोसिएशन ने कहा कि जिले में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है उन्हें सही मार्गदर्शन, मंच और निरंतर प्रशिक्षण की।₹ उन्होंने कहा कि ताइक्वांडो सहित सभी खेलों को समान अवसर व महत्व मिलना चाहिए, जिससे खिलाड़ियों को बहुआयामी विकास का अवसर मिले। राजू राजपूत ने कहा कि जिला क्रीड़ा विभाग द्वारा इस तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन सराहनीय पहल है, जो खिलाड़ियों में आत्मविश्वास बढ़ाता है।प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे – ताईक्वाण्डों खेल में कैडेट वर्ग में अण्डर-33 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर सुरित, द्वितीय स्थान पर कुंजन व तृतीय स्थान पर याहिया रहें। कैडेट वर्ग में अण्डर-37 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर निशान्त राजपूत, द्वितीय स्थान पर रजत सिंह व तृतीय स्थान पर मौ0 रफाई रहें। कैडेट वर्ग में अण्डर-41 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर शिवा सिंह, द्वितीय स्थान पर अक्ष व तृतीय स्थान पर हम्माद रहें कैडेट वर्ग में अण्डर-49 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर शौर्या, द्वितीय स्थान पर देव व तृतीय स्थान पर सामाद खान रहें कैडेट वर्ग में अण्डर-57 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर देव राजपूत, द्वितीय स्थान पर अर्श उस्मानी व तृतीय स्थान पर हमजा अंसारी रहें। कैडेट वर्ग में अण्डर-65 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर मौ0 उमर, द्वितीय स्थान पर वैदांश व तृतीय स्थान पर फैज अंसारी रहें जूनियर वर्ग में अण्डर-45 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर आयुष, द्वितीय स्थान पर अनिकेत व तृतीय स्थान पर मंयक बाबू रहें जूनियर वर्ग में अण्डर-48 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर अभय, द्वितीय स्थान पर अंश व तृतीय स्थान पर यश सैनी रहें। जूनियर वर्ग में अण्डर-59 किलोग्राम वर्ग में प्रथम स्थान पर जतिन, द्वितीय स्थान पर नितिन व तृतीय स्थान पर उत्कर्ष रहें।

# विशाल पौरुष को भानु का छात्र मोर्चा का नियुक्त किया गया जिला अध्यक्ष



वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार

**हाथरस।** भारतीय किसान यूनियन (भानू ) संगठन का शहर के अलीगढ़ रोड़ स्थित होटल रिवर व्यू और रेस्टोरेंट में विस्तार किया गया। प्रदेश संगठन मंत्री ठाकुर सत्येंद्र पाल सिंह के द्वारा विशाल पौरुष को छात्र मोर्चा का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

इस मौके पर नए पदाधिकारी का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने हरेंद्र सिंह उर्फ हीरो प्रदेश उपाध्यक्ष, नवीन कुमार सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष गडोला वाले, इरफान मलिक प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा एवं जगदीश शर्मा मंडल उपाध्यक्ष आदि का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया। इस दौरान युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष इरफान मलिक ने कहा कि उम्मीद ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि छात्र मोर्चा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष विशाल पौरुष संगठन के प्रति लग्न और पूरी निष्ठा के साथ काम करेंगे। इरफान मलिक ने कहा कि जिस प्रकार संगठन किसानों की समस्याओं को सदैव उठाते हुए समस्याओं का निराकरण कराते आ रहा है इस विचार धारा के साथ में किसानों की समस्याओं को उठाता रहूंगा। युवाओं को आगे बढाने का काम करुंगा, क्योंकि आज के युवा ही देश के भविष्य है। किसान संगठन को और मजूबत करने का कार्य करूंगा।

# हेला वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ लोगों में सदस्यता ग्रहण की हैं



वेलकम इंडिया

प्रयागराज में समाजवादी पार्टी कार्यालय में माननीय प्रदेश अध्यक्ष जी श्याम लाल पाल की अनुपस्थिति में प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ मनीष यादव (बबलू) के नेतृत्व में बड़ी संख्या में हेला वाल्मीकि समाज के वरिष्ठ लोगों में सदस्यता ग्रहण की प्रमुख रूप से विजय हेला, संदीप हेला, विजेश हेला, रंजीत त्यागी, कामरेश मुन्ना लाल (सुदर्शन), संतोष सुदर्शन, सुमित त्यागी, बंटी गौतम, विजय महतो, सोनू हेला, अभय सुदर्शन, गोलू प्रजापति आदि लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की हैं।

# कलेक्ट्रेट सभागार मे मुख्यमंत्री डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल से संबंधित बैठक आयोजित हुई

वेलकम इंडिया महमूद रजा



बिजनौर जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर की अध्यक्षता मे कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य मंत्री डैशबोर्ड एवं सीएमआईएस पोर्टल से संबंधित बैठक आयोजित हुई।जिलाधिकारी ने पिछले माह की अपेक्षा इस माह में जिले की रैंक कम पाए जाने पर संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि कार्य प्रगति को बढ़ाएं और विभागीय कार्यों में मानक के अनुरूप प्रगति लाना सुनिश्चित करें। उन्होंने एनआरएलएम एवं पर्यटन विभाग के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि पूरी गंभीरता के साथ विभागीय कार्यों को पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि जिले की रैंक प्रभावित न होने पाए। उन्होंने जल जीवन मिशन के अंतर्गत बी ग्रेड प्राप्त होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देश दिए की विभागीय कार्यों में संवेदनशीलता बरतें और अधूरे कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करना सुनिश्चित करें। फैमिली आईडी की समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गंभीरता पूर्वक कार्य में प्रगति लाए और निर्धारित मानक के अनुरूप लक्ष्य को प्राप्त करना सुनिश्चित करें। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपनी विभागीय प्रगति को संबंधित पोर्टल पर शत प्रतिशत रूप से अपलोड करना सुनिश्चित करें ताकि कार्य की प्रगति प्रदर्शित हो। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक क्षेत्र में होने वाली प्रगति को प्राथमिकता के आधार पर संबंधित पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी श्रीमती कौर ने बताया कि शासन स्तर पर ई-ऑफिस प्रणाली की नियमित रूप से मानिटरिंग की जा रही है। उन्होंने पंचायत राज, स्वास्थ्य, बेसिक शिक्षा, ऊर्जा, सिंचाई सहित अन्य संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि आगामी सोमवार तक इस कार्य को शत प्रतिशत रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा उनके विरुद्ध कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने बैठक में परिवहन विभाग, जी०एस०टी० विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग, ऊर्जा विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज विभाग, जल निगम, प्राथमिक शिक्षा विभाग, मत्स्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारीगण शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य की पूर्ति करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# हाईकोर्ट ने दिया रामलीला प्रकरण छह सप्ताह में निस्तारण का आदेश

वेलकम इंडिया

- याचिका कर्ता पक्ष में खुशी का माहौल व्याप्त है।
- इस याचिका को लंबित रखने से कोई उपयोगी उद्देश्य पूरा नहीं होगा।

**कांधला। मोहसीन रहमानी।** हाई कोर्ट प्रयागराज ने चर्चित नगर के श्री रामलीला प्रकरण के मामले में सिविल कोर्ट कैराना को छह सप्ताह के भीतर प्रकरण की सुनवाई कर निस्तारण करने के आदेश दिए हैं। याचिका कर्ता पक्ष में खुशी का माहौल व्याप्त है।

प्राचीन श्री रामलीला पंचवटी मण्डप ट्रस्ट स्थित कैराना रोड, रामलीला मैदान, कॉधला, जिला शामली के अध्यक्ष सिद्धपीठ माँ शाकुम्भरी पीठाधीश्वर आशुतोष ब्रह्मचारी महाराज की याचिका पर हाईकोर्ट इलाहाबाद ने पक्षों को सुनते हुए सिविल न्यायालय सीनियर डिवीजन कैराना के यहा पर आवेदन 6 सी विचाराधीन है। और उस पर अभी तक निर्णय नहीं हुआ है। याचिका में मांग की गई कि इस पर शीघ्र निर्णय लिया जाए। हाईकोर्ट प्रयागराज ने याचिका कर्ता की अपील पर सुनवाई करते हुए कहा कि अभिलेखों के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि प्रतिवादी वाद में उपस्थित हुआ है। चूँकि उपर्युक्त आवेदन लंबित है, इसलिए इस याचिका को लंबित रखने से कोई उपयोगी उद्देश्य पूरा नहीं होगा। उपरोक्त के मद्देनजर, यह रिट याचिका सिविल जज, (वरिष्ठ डिवीजन), कैराना को निर्देश के साथ निपटाई जाती है कि व उपर्युक्त आवेदन पर कानून के अनुसार शीघ्रता से छह सप्ताह के भीतर निर्णय लें।

# पति सहित कई लोगों पर मारपीट करने का आरोप

**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी एक महिला ने पति सहित कई लोगों पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है महिला ने थाने पर तहरीर दी है। पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी महिला अफनान पत्नी मुशांद ने बताया कि वह कई माह से अपने मायके में रह रही है। आरोप है कि रविवार की देर शाम पति अपने भाई वह भाभी सहित कई लोगों को लेकर पीड़िता के मायके में आया और आते ही पीड़िता के साथ लात-घूंसों व डंडों से मारपीट करनी शुरू कर दी। जब बीच बचाव करने के लिए उसके बच्चे आए तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। शोर शराब होने पर आरोपी पीड़ित को जान से मारने की धमकी देकर और पीड़िता कि मोबाइल लेकर फरार हो गए। पीड़ित महिला ने सोमवार को आरोपियों के विरुद्ध थाने पहुंचकर नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# वाराणसी में कांग्रेसजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज मामले में कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में किया विरोध प्रदर्शन

वेलकम इंडिया जितेन्द्र कुमार



शहर कॉंग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश कुमार ओके के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस कमेटी के आह्वान पर कॉंग्रेसी जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचे और सरकार के जनविरोधी मानसिकता का प्रदर्शन कर पुरजोर विरोध करते हुए जमकर नारेबाजी की गयी। तदोपरान्त जिलाधिकारी कार्यालय पर महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया। बताना है कि अभी हालिया में दिनांक 10 जुलाई 2025 को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के नेतृत्व में वाराणसी के जिला एवं शहर अध्यक्ष सहित 10 कांग्रेसजनों के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कराया गया है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार के इस अन्यायपूर्ण और अलोकतांत्रिक कार्यवाही का प्रतिकार करती है। जनप्रतिनिधियों का एक प्रमुख कार्य जनता की परेशानियों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराकर उससे निजात दिलाना है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ वाराणसी के जिला एवं शहर अध्यक्ष सहित तमाम कांग्रेसजनों ने वाराणसी में जलभराव, ध्वस्त सीवर, पीड़ित दुकानदार, रोपवे, जाम से परेशान जनता, कांवर यात्रियों की समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु पदयात्रा निकाल रहे थे, जिस पर प्रदेश सरकार के इशारे पर वाराणसी के सिगरा थाने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री सहित 10 कांग्रेसजनों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

प्रदेश सरकार की संवैधानिक मुखिया होने के नाते महामहिम हम सभी कांग्रेसजन आपसे निवेदन करते हैं आप अविलम्ब अपने स्तर से हस्तक्षेप करते हुए दिनांक 10 जुलाई 2025 को वाराणसी के सिगरा थाने में दर्ज फर्जी एफआईआर को रद्द कराने हेतु प्रदेश सरकार को निर्देशित करने की कृपा करें। ज्ञापन देने वालों में अध्यक्ष योगेश कुमार ओके के साथ वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदप्रकाश कर्दम, महासचिव हबीब मलिक, देवानन्द कुशवाह, गोविन्द चतुर्वेदी,सचिव योगेश बाबू, राजकुमार, प्रिंस कर्दम,जुनैद खान, मंडल अध्यक्ष धीरेन्द्र कुमार, वार्ड अध्यक्ष जितेंद्र कुमार, आदि मौजूद रहे।

# साहू समाज नगरा धर्मशाला में राधाकृष्ण, शिव परिवार एवं माँ शेरावाली मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा बड़े ही धूम-धाम से स्थापित हुई

वेलकम इंडिया



**झांसी!** साहू समाज नगरा धर्मशाला के मन्दिर में भगवान राधा कृष्ण शिव परिवार एवं माँ शेरावाली पड़े धूम धाम से प्राण प्रतिष्ठा का श्री गणेश जी पूजन एवं सभी देवी देवताओं का आवहन उपरान्त अना दिवास फला दिवास पुष्प फुल वास भिष्या दीवास पथमेवा दूध दही जल अविषेक द्वारा भगवान को हवन पूजन एवं कन्या भोज भगवान ? को विराजमान किया गया आयोजक श्रीमती सुखदेवी, श्रीराम साहू, होटल हाई वे श्री मती गुलाव देवी श्री बाल स्वरूप पार्षद चरण सेवक पूजन आचार्य पं. श्री अभिषेक पाडे दतिया बृजेश साहू बोबी साहू जे पी साहु राजेश साहू बल्ली साहू प्रमोद साह दीपू साहू उमेश साहू, पकंज साहू, नीरज साहू डा. सतीश कोटिया, जय प्रकाश कोटिया, भैयालाल साहू, नारायण दास साहू सोहन लाल साहू, महेश साहू, राम स्वरूप साहू, राकेश साहू, रीतेश साहू, जय देवी साहू, बृजमोहन साहू कोष अध्यक्ष गोपाल साहू सुमन साहू, सीमा कोरिया, ससाई, शालिनी डॉ ऋषि साहू साहू, सुनीता साहू आनन्द साहू मीडिया प्रभारी राहुल साहू महामंत्री मोतीलाल दिनारे वाले आदि उपस्थित रहे श्रद्धा, सेवा और सामाजिक एकता का संदेश देते हुए यह आयोजन पूरे नैनागढ़ क्षेत्र में चर्चा का केंद्र बना रहा।

# हापुड़ लेखपाल की मौत पर टाण्डा के लेखपालों में गुस्सा, सीएम को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** हापुड़ जिले में लेखपाल सुभाष मीणा की जहर खाने से हुई मौत ने प्रशासनिक व्यवस्था की खामियों को उजागर किया है। इससे प्रदेश भर के लेखपालों में गुस्सा है।सोमवार को टाण्डा तहसील के लेखपालों ने उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के बैनर तले हापुड़ के डीएम के अपमानजनक रवैये के खिलाफ प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी कुमार गौरव को सौंपा। लेखपाल संघ ने ज्ञापन में बताया कि हापुड़ डीएम के दमनकारी व्यवहार और बिना जांच के उत्पीड़नात्मक कार्रवाई ने सुभाष मीणा को मानसिक तनाव में डाल दिया, जिसके चलते उन्होंने आत्महत्या कर ली। इस घटना ने प्रदेश भर के लेखपालों को आहत किया है।लेखपालों का कहना है कि कुछ अधिकारी पब्लिसिटी के लिए तहसील दिवस, थाना समाधान दिवस और ग्राम चौपाल में अधीनस्थ कर्मचारियों को सार्वजनिक रूप से अपमानित करते हैं।इससे कर्मचारी तनाव और अवसाद का शिकार हो रहे हैं, जिसका असर उनके स्वास्थ्य और कार्यकुशलता पर पड़ रहा है। लेखपालों ने मुख्य सचिव के निर्देशों का पालन न होने पर भी नाराजगी जताई, जिसमें मासिक बैठकों के जरिए कर्मचारी समस्याओं के समाधान का प्रावधान है। संघ ने मांग की कि मृतक के आश्रितों को तत्काल आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही, अधिकारियों को अधीनस्थों के साथ सम्मानजनक व्यवहार के निर्देश और शासनादेशों का अनुपालन सुनिश्चित करने की मांग की गई।

# अध्यापक अध्यापिकाऐं जो पाठ पढ़ा रहे है उस पाठ का शिक्षण योजना तैयार करके पढ़ाऐं: मुहम्मद रिजवान

वेलकम इंडिया



प्रयागराज में उच्च प्राथमिक विद्यालय पी0ए0सी0 नैनी नगर क्षेत्र प्रयागराज में मनोज कुमार पाण्डेय ए0आर0पी0 (समाजिक अध्ययन) द्वारा विद्यालय का निरीक्षण व सुपरवीजन किया गया। विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक मुहम्मद रिजवान ने बताया कि ए0आर0पी0 मनोज कुमार पाण्डेय द्वारा कक्षा 6 का सुपरवीजन किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय के अध्यापक मनमोहन लाल रजक द्वारा गणित विषय को बहुत ही रोचक तरीके से पढ़ाया गया। उस समय मनोज कुमार पाण्डेय कक्ष में उपस्थित थे। व कक्षा कक्ष का अवलोकन कर रहे थे। तत्पश्चात मनोज कुमार पाण्डेय ए0आर0पी0 (सामाजिक अध्ययन) द्वारा क्लास किया गया। उनके द्वारा तीन ताल की ताली छात्र-छात्राओं से बजवायी गयी ए0आर0पी0 द्वारा गणित विषय से सम्बन्धित प्रश्न छात्र-छात्राओं से पूछा। संख्या क्या है ?, अंक क्या है ?, प्राकृतिक संख्या किसे कहते है ?, पूर्ण संख्या क्या है आदि प्रश्न पूछे गये व छात्र-छात्राओं द्वारा उनके पूछे गये प्रश्नों के उत्तर दिया। मुहम्मद रिजवान ने बताया कि ए0आर0पी0 द्वारा सभी अध्यापको को निम्नलिखित सुझाव दिये गये। सभी अध्यापक दीक्षा ऐप का प्रयोग करें। टाइम एण्ड मोशन का ध्यान रखे, प्रेरणा निपूण लक्ष्य सभी अध्यापक अपने मोबाइल पर लोड कर लें, उसी से कम से कम प्रतिदिन पांच छात्र-छात्राओं का आंकलन करें। सभी शिक्षक रूचीपूर्ण शिक्षा कार्य करें। छात्र-छात्राओं को क्लास उबाऊ न लगे। लास्ट के घण्टे में प्रतिदिन विभिन्न खेल छात्र-छात्राओं से खिलवाऐं जिससे विद्यालय में बच्चों में भावनात्मक जुड़ाव महसूस हो।

# संस्कार भारती ने कलागुरुओं को डॉ० संदीप के आतिथ्य में नटराज सम्मान से किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**झाँसी ।** संस्कार भारती परिवार ने प्रतिवर्ष की भांति विभिन्न विधाओं के कला गुरुओं को नटराज सम्मान से सम्मानित किया। होटल शीला श्री प्लाजा में जिला पंचायत अध्यक्ष पवन गौतम के मुख्य आतिथ्य एवं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष डॉ संदीप सरावगी, राजकीय संग्रहालय के उप निदेशक डॉ मनोज गौतम, इंजी. विनय गुप्त, संस्कार भारती प्रदेश महामंत्री नरेश चंद्र अग्रवाल, वरिष्ठ समाजसेवी डॉ नीति शास्त्री के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता इकाई अध्यक्ष पंडित समीर भालेराव ने की, अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात सरस्वती वन्दना और ध्येय गीत अंशुल सक्सेना और कामिनी बघेल ने प्रस्तुत किए। अमर लखेरा ने ऊर्जा से भरा मनमोहक कत्थक नृत्य प्रस्तुत किया। सूर्यांशी इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के छात्र ध्रुव राय और सुमित सोनी ने वरिष्ठ राष्ट्रीय चित्रकार किशन सोनी के निर्देशन में लाइव स्कैच आर्ट का प्रदर्शन कर संस्कार भारती के मार्गदर्शक कीर्तिशेष डॉ धन्नूलाल गौतम का जीवन्त चित्र बनाया, हरविंदर नीरज टीम ने शानदार लोकसंगीत की प्रस्तुति दी। वही निवाड़ी से आए वरिष्ठ साहित्यकार शिवकुमार गुप्ता की कविता पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने भाव विभोर होकर जोरदार करतल ध्वनि के साथ स्वागत किया।

प्रांतीय मंत्री शील कोपरा, दृश्य कला संयोजक कामिनी बघेल, कोषाध्यक्ष अशोक गोस्वामी, सौरभ सेठ, प्रवीण सिंह राजा, माता प्रसाद शाक्य, किरण गुप्ता, महेंद्र वर्मा, कमलकांत गुप्ता, वीरेंद्र भदौरिया, हरनारायण सविता, पवन गुप्ता तूफान आदि ने अतिथियों को बैज अलंकरण कर स्वागत किया। संचालन विभाग संयोजक एवं प्रांतीय मंचीय कला सहसंयोजक संजय तिवारी राष्ट्रवादी और महामंत्री सीताराम कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। वरिष्ठ रंगकर्मी देवराज चतुर्वेदी को नाट्य, निवाड़ी से वरिष्ठ साहित्यकार कवि शिवकुमार गुप्ता को साहित्य, बरुवासागर से हरिराम साहू को कला और वन्दना भदौरिया को नृत्य विधा हेतु नटराज कला गुरु सम्मान से सम्मान पत्र, शॉल श्रीफल आदि से सम्मानित किया गया। अंत में अतिथियों को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बलराम सोनी, पवन झारखरिया, अतर सिंह, चन्दना निगम आदि उपस्थित रहे। अंत में इकाई महामंत्री सीताराम कुशवाहा ने आभार व्यक्त किया।

# शिव शंकर कावड़ सेवा समिति स्वतंत्र नगर नरेला के कावड़ शिविर का हुआ शुभारम्भ



वेलकम इंडिया

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। जनपद बागपत के कावड़ यात्रा मार्ग लधवाड़ी मोड़ पर शिव शंकर कावड़ सेवा समिति स्वतंत्र नगर नरेला द्वारा कावड़ शिविर का शुभारम्भ हुआ। सर्वप्रथम शिव शंकर कावड़ सेवा समिति स्वतंत्र नगर नरेला द्वारा शिविर स्थल पर यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें समस्त विश्व के कल्याण और भोलों की यात्रा के निर्विध्न सम्पन्न होने के लिये यज्ञ में आहुतियां डाली गयी। शिव शंकर कावड़ सेवा समिति स्वतंत्र नगर नरेला के संदीप खत्री ने बताया कि उनका कावड़ शिविर 13 जुलाई 2025 से 22 जुलाई 2025 तक चलेगा। बताया कि शिविर में समस्त व्यवस्थायें सरकार के मानकों को लागू करते हुए सुचारू रूप से चल रही है। शिविर में चिकित्सा, भोजन, विश्राम, शौच, स्नान, मोबाईल रिचार्ज आदि सुविधाएं भोलों को उपलब्ध करायी जा रही है। इस अवसर पर अरविन्द त्यागी ठेकेदार नेथला, महेन्द्र सिंह, कृष्ण पुत्र राममेहर, प्रियदेव, राजीव खत्री, इंटरनेशनल अवार्डी व महामहिम राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन, जगपाल महाराज, प्रमोद आदि उपस्थित थे।

# प्रदीप बली ने किया सरदार पटेल इंटर कॉलेज के सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित



वेलकम इंडिया

**बागपत, उत्तर प्रदेश।** विवेक जैन। जनपद बागपत के बली गांव में सुप्रसिद्ध समाजसेवी और भाजपा पंचायत प्रकोष्ठ के जिला संयोजक प्रदीप बली ने अपने आवास पर सरदार पटेल इंटर कॉलेज बली मेवला के सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मानित किया। प्रदीप बली ने सरदार पटेल इंटर कॉलेज बली मेवला के उप प्रधानाचार्य मास्टर वेदप्रकाश और मास्टर ब्रहमपाल को फूल माला व चादर औढ़ाकर और एक नई साईकिल, एक जोड़ी कपड़े और गुप्त धनराशि देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर अनेकों वक्ताओं ने मास्टर वेदप्रकाश व मास्टर ब्रहमपाल जी के सेवा कार्यों की जमकर सराहना की। इस अवसर पर मैनेजर अजब सिंह, चौधरी संतराम, आचार्य रिंकू मंत्री आर्य समाज बली, इंटरनेशनल अवार्डी व महामहिम राष्ट्रपति व उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन बागपत, चौधरी राजपाल, सतीश ठेकेदार, जीतू, ओमबीर तेल वाले, बिजेन्द्र, कृष्ण मिस्त्री, सतपाल दूधिया, चौधरी जयवीर सिंह, सुन्दर महाशय जी, दिनेश सभासद, पप्पू फौजी, प्रविन्द्र दुकानदार, सुमित दरोगा सहित गांव के अनेकों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# बाग में फलों की भराई कर रहे तीन लोगों को ट्रैक्टर से कुचला

वेलकम इंडिया



**कांधला। मोहसीन रहमानी।** कस्बे के मोहल्ला खेल के समीप बाग से जामुन तोड़कर भराई कर रहे तीन लोगों पर ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से चला कर कुचल दिया तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए पास खड़ी ई रिक्शा भी क्षतिग्रस्त हो गई बाग में काम कर रहे हैं अन्य मजदूरों ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। नगर के मोहल्ला खेल निवासी इसराइल ने बताया कि उसने मोहल्ले के निकट जामुन का बाग ले रखा है, रविवार की देर शाम पीड़ित का पुत्र नौशाद भतीजा इकराम और इरफान जामुन की तोड करने के बाद सड़क किनारे डब्बो में भर रहे थे। आरोप है कि तभी मोहल्ले का ही सद्दाम अपना ट्रैक्टर ट्राली लेकर आया और लापरवाही से सड़क किनारे फलों की भराई कर रहे तीनों लोगों के ऊपर ट्रैक्टर चढ़ा दिया। ट्रैक्टर के कुचलने से तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ट्रैक्टर चालक भागने लगा और आनन-फानन में पास खड़ी एक ई रिक्शा भी ट्रैक्टर की टक्कर से क्षतिग्रस्त कर दी। घायलों की चीख पुकार सुनकर बाग में काम कर रहे अन्य मजदूरों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। ट्रैक्टर चालक अपना ट्रैक्टर ट्राली मौके पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंच गई पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में ले लिया और थाने ले आई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। पीड़ित परिजनों ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

# प्रथम सोमवार को खेरेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ी भीड़

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया



माल, लखनऊ। सावन माह के प्रथम सोमवार को अनीपुर गांव स्थित खेरेश्वर महादेव मंदिर में दर्शन करने के लिए उमड़ी भक्तों की भीड़। आपको बता दें कि माल क्षेत्र की ग्राम पंचायत सस्पन के अनीपुर गांव स्थित श्री ब्रह्म बाबा वैदिक चेतना आश्रम में विराजमान श्री खेरेश्वर महादेव मंदिर में सावन माह के प्रथम सोमवार को दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। मंदिर भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठा। यह दिन भगवान शिव की पूजा-अर्चना के लिए बेहद शुभ है। सुबह से शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सावन के प्रथम सोमवार के अवसर पर भक्तों ने मंदिर पहुंच देवाधिदेव महादेव का सम्पूर्ण विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। इस संबंध में आचार्य सुनील कांत ने बताया कि सावन सोमवार पर शिव पूजन करने से साधक की सभी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। इसके अलावा जीवन में सदैव सुख-समृद्धि वास करती हैं।

# अतिक्रमण पर नगर निगम की सख्त कार्यवाही



समर्थ कुमार सक्सेना

**लखनऊ।** शहर में लगातार मिल रही शिकायतों के मद्देनजर महापौर सुषमा खर्कवाल के निर्देश और नगर आयुक्त गौरव कुमार के आदेशानुसार सोमवार को नगर निगम द्वारा कई जोनों में एक साथ अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया गया। विभिन्न जोनों के जोनल अधिकारियों के नेतृत्व में चलाए गए इन अभियानों में सड़क, फुटपाथ और सार्वजनिक स्थलों पर किए गए अवैध कब्जों को हटाया गया तथा अतिक्रमणकारियों को सख्त चेतावनी दी गई। जोन-3 में जोनल अधिकारी अमरजीत यादव के नेतृत्व में टेढ़ी पुलिया से गुडंबा थाने तक अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान कई अतिक्रमणकारियों पर ?14,000 का जुमार्ना लगाया गया और दो ट्रक सामान जब्त किया गया। प्रवर्तन दल (296) और पुलिस बल की सहायता से अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। जोन-5 में जोनल अधिकारी नंदकिशोर, कर अधीक्षक आलोक कुमार श्रीवास्तव और राजस्व निरीक्षक राजू कुमार के नेतृत्व में चंदर नगर भूमिगत पार्किंग से आलमबाग मेट्रो स्टेशन तक का क्षेत्र चिन्हित किया गया। यहां से ठेले, गुमटी, काउंटर सहित अस्थायी अतिक्रमण हटाते हुए 05 काउंटर, 04 लोहे की मेज और 08 ठेले हटाए गए। अतिक्रमणकारियों को दोबारा कब्जा न करने की चेतावनी दी गई।

जोन-6 में बुद्धेश्वर मंदिर और चौराहे के आसपास सावन माह को देखते हुए अतिक्रमणकारियों ने अस्थायी दुकानों और ठेलों के माध्यम से स्थान घेर लिया था। जोनल अधिकारी मनोज यादव, कर अधीक्षक विजय शंकर, राजस्व निरीक्षक आशीष कुशवाहा और 296 प्रवर्तन टीम की निगरानी में 20 ठेले और 15 अस्थायी दुकानें हटवाई गईं। साथ ही संबंधित थानाध्यक्ष को पत्र प्रेषित कर भविष्य में पुनः अतिक्रमण न होने की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। जोन-8 में शारदा नगर प्रथम वार्ड, डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, पावर हाउस से लेकर शहीद पथ तक दोनों ओर की पटरियों से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। आईजीआरएस पोर्टल पर लगातार मिल रही शिकायतों के बाद आज वृहद अभियान चलाया गया। इस दौरान कुछ दुकानदारों द्वारा विरोध करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डालने, गाली-गलौज करने और माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई, जिस पर पुलिस और प्रशासन की मौजूदगी में स्थिति को नियंत्रित कर विधिक कार्यवाही करते हुए थाने में तहरीर दी गई।

# त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का वृहद् पुनरीक्षण की समय सारिणी जारी

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी(पंचायत एवं नगरीय निकाय) आलोक कुमार ने सूचित किया है कि राज्य निर्वाचन आयोग, उ०प्र०, लखनऊ के क्रम में जनपद सन्त कबीर नगर में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावलियों का निम्नांकित समय सारिणी के अनुसार वृहद् पुनरीक्षण कार्य किया जाना है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया है कि निर्धारित समय सारिणी ने अनुसार दिनांक 18 जुलाई से 13 अगस्त 2025 तक किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करनें की कार्यवाही तथा बी०एल०ओ० एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन उन्हे तत्सम्बन्धी जानकारी देना, प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी आदि का वितरण। उपर्युक्त दोनों कार्यवाही पृथक-पृथक तथा समानान्तर चलेगी। दिनांक 14 अगस्त 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक बी०एल०ओ० द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि (दिनांक 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलितकिये जायेंगे।) ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि दिनांक 14 अगस्त से 22 सितम्बर 2025 तक निर्धारित है। दिनांक 23 सितम्बर 2025 से 29 सितम्बर 2025 तक ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जांच की जायेगी। निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि दिनांक 30 सितम्बर से 06 अक्टूबर 2025 तक है। इसी क्रम में ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही) दिनांक 07 अक्टूबर से 24 नवम्बर 2025 तक। निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियों कराने आदि से सम्बंधित कार्य दिनांक 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक निर्धारित है। दिनांक 05 दिसम्बर 2025 को अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन किया जाएगा। दिनांक 06 दिसम्बर 2025 से 12 दिसम्बर 2025 तक आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण किया जाएगा।

# जायसवाल युवा मंच ने मनाया राष्ट्रीय अधिवेशन

समर्थ कुमार सक्सेना



**लखनऊ।** जायसवाल युवा मंच के राष्ट्रीय अधिवेशन का आयोजन लखनऊ के विधानसभा मार्ग स्थित सहकारिता भवन में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रज बहादुर और विशिष्ट अतिथि कुशीनगर पडरौना भाजपा विधायक मनीष जायसवाल उपस्थित थे।

**कार्यक्रम के मुख्य बिंदुः** जायसवाल युवा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजितेश जायसवाल ने कार्यक्रम का आयोजन किया। प्रदेश अध्यक्ष विकास जायसवाल ने बताया कि 75 जिले से आए पदाधिकारी राजनीतिक भूमिका में सक्रिय हैं और सामाजिक सेवाओं में लगे रहते हैं। लखनऊ जिला प्रभारी रवि प्रकाश जायसवाल ने बताया कि जायसवाल युवा मंच की स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपरांत यह अधिवेशन आयोजित किया गया। अजितेश जायसवाल समाज के हर पीड़ित व्यक्ति की लड़ाई लड़ते हैं और मदद के लिए हमेशा तैयार रहते हैं।

**कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगः** राष्ट्रीय महासचिव प्रवेश जायसवाल, संतोष जायसवाल, विनय जायसवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. विवेक जायसवाल, राष्ट्रीय सचिव शालिनी जायसवाल, प्रदेश महासचिव प्रिंस जायसवाल, लखनऊ मंडल अध्यक्ष नीरज जायसवाल, राजन जायसवाल इस अधिवेशन में सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे, जिन्होंने जायसवाल युवा मंच की गतिविधियों और सामाजिक सेवाओं पर चर्चा की। अजितेश जायसवाल की नेतृत्व क्षमता और सामाजिक कार्यों में उनकी सक्रिय भागीदारी की सराहना की गई। विकास जायसवाल की नई नियुक्तियों और संगठनात्मक कार्यों पर भी चर्चा हुई।

# चौमुहां में कांग्रेस ने संगठन सृजन कार्यक्रम में नवनियुक्त पदाधिकारियों का किया सम्मान

वेलकम इंडिया



**मथुरा/चौमुहां।** कांग्रेस पार्टी ने चौमुहां कार्यालय पर संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत नवनियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। ब्लॉक अध्यक्ष अवधेश सिसौदिया ने सभी पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष मुकेश धनगर ने कहा कि यूपी की गूंगी बहरी सरकार गरीब, मजदूर, किसान और बेरोजगार युवाओ का शोषण कर रही है। प्रदेश सरकार छाता क्षेत्र में बंद पड़ी चीनी मिल को अब तक शुरू नही करा पाई है। चीनी मिल शुरू होने से लाखों किसान , मजदूर और युवाओं को रोजगार मिलता, लेकिन सरकार इनके दुख, दर्द से कोसों दूर है। उन्होंने कहा कि अगर चीनी मिल जल्द शुरू नहीं हुई तो कांग्रेस पार्टी एक बड़ा जनांदोलन करेगी। एडवोकेट महेश सिसौदिया ने भाजपा सांसद हेमा मालिनी पर निशाना साधते हुए कहा कि मथुरा को नकारा सांसद मिलने से यहाँ का विकास नहीं हो रहा है। नवनियुक्त जिला सचिव त्रिनेत्र मोहन भारद्वाज ने जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का आश्वासन दिया और लोगों तक कांग्रेस की विचारधारा पहुंचाने की प्रतिबद्धता ली। एडवोकेट श्रीगोपाल, भरतपाल मुंशी, रोशन लंबरदार, राम नारायण तिवारी, योगेश ओझा, रविकांत शर्मा, शौकत कुरैशी, जॉली यादव, नरेंद्र शर्मा, रतेंद्र सिसोदिया, बलवीर सिंह बालमुकुंद महाराज, दीपक शर्मा, वीर विक्रम, हरीश शर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खेम सिंह व संचालन त्रिनेत्र मोहन भारद्वाज ने किया।

# स्वास्थ्य शिविर में हुई सैंकड़ों लोगों की मुफ्त चिकित्सा



वेलकम इंडिया

**औरंगाबाद /बुलंदशहर।** जे पी हास्पिटल (मैक्स)चिट्टा के स्वास्थ्य शिविर में सैंकड़ों लोगों ने मुफ्त चिकित्सा सुविधा का लाभ उठाया। चिकित्सकों की टीम ने मौके पर जांच पड़ताल कर आवश्यक दवाएं वितरित कीं। बालका रोड़ स्थित प्रदीप कुमार लोधी एडवोकेट के कैंप कार्यालय पर जे पी हास्पिटल चिट्टा के सौजन्य से आयोजित स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सकों ने शिविर में आए लोगों की शुगर ईसीजी ब्लडप्रेशर आदि की जांच कर आवश्यकता अनुसार मुफ्त दवाएं वितरित कीं। शिविर में यूनिट हेड डॉ नितिन सूर्यान फीजिशियन डॉ शान, डॉ हिमालय डा अमित कुमार डॉ गजेंद्र आदि ने उपचार किया। स्टाफ नर्स रिचा ने सहयोग किया। प्रदीप कुमार लोधी गौरव लोधी पवन कुमार नितिन कुमार आदि ने शिविर व्यवस्था संभाली।

# पर्यावरण संरक्षण में सभी की भागीदारी जरूरी, पौधारोपण कर प्रकृति को करें हरा-भरा: एमएलसी धर्मेन्द्र राय

**वेलकम इंडिया**

**मिजार्मुराद।** गौर गांव (मिजार्मुराद) स्थिति स्व.वंशनारायण सिंह महिला महाविद्यालय में सावन के पहले सोमवार को भाजपा एमएलसी एवं प्रदेश सह मीडिया प्रभारी धर्मेन्द्र राय व वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रबंधक संजीव सिंह गौतम ने महाविद्यालय के छात्राओं के साथ महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया।एमएलसी धर्मेन्द्र राय ने कहां की पर्यावरण संरक्षण में सभी की भागीदारी जरूरी, पौधारोपण कर प्रकृति को हरा-भरा बनाये ऐसा कर हम आने वाली पीढ़ियों के लिये स्वस्थ जीवन की जटिलताओं को कम कर सकते है।

हम सभी को समय देकर प्रकृति के लिए पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए। हमारे बेहतर कल के लिए आज प्रकृति का संरक्षण करना बहुत ही अनिवार्य है।प्रबंधक संजीव सिंह गौतम ने कहां की पौधा ही धरती मां का श्रृंगार हैं यह श्रृंगार जितना ही ज्यादा होगा, उतने ही हम लोग सुरक्षित होंगे। पौधा रोपड़ के साथ इसकी सुरक्षा भी हम सभी की जिम्मेदारी है। महाविद्यालय के प्रबंधक संजीव सिंह गौतम द्वारा एमएलसी धर्मेन्द्र राय को मोमेंट व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता अशोक सिंह, एमएलसी प्रतिनिधि संदीप सिंह 'मिंटू', डॉ. वंशराज पटेल, प्राचार्य डॉ. आशुतोष उपाध्याय, सचिव योगेश सिंह, प्रशासनिक अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी 'सुमित', पूर्व मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार बिन्द, बच्चन बिन्द, संजय मिश्रा, अमृता सिंह, प्रवक्ता डॉ. अंजना सिंह, डॉ. संगीता सिंह, गौरव उपाध्याय, श्वेता पटेल, स्नेहा मिश्रा, संजू गुप्ता, मुकेश यादव, राजेश सिंह, वीरेंद्र समेत महाविद्यालय की छात्रा उपस्थित रही।



# विश्व ब्राह्मण संघ (उत्तर प्रदेश) ने हापुड़ डीएम के समर्थन मे मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**





(हापुड़) सोमवार को विश्व ब्राह्मण संघ उत्तर प्रदेश की आम बैठक जिला एवं सत्र न्यायालय हापुड़ के एक चैंबर मे सम्पन्न हुई। कुछ दिनों से हापुड़ जिलाधिकारी का नाम ज्यादा चर्चित होने की वजह से विश्व ब्राह्मण संघ (उत्तर प्रदेश) का एक प्रतिनिधि मंडल प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित गोपाल शर्मा एवं प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद्र शर्मा एडवोकेट के नेतृत्व में हापुड़ जिलाधिकारी से मिलकर फूलों का बुके भेंट कर उनकी कार्यशेली की प्रशंसा करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। बैठक में कहा कि हापुड़ जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय की काम करने का तरीका वाकई काबिले तारीफ है वो शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की जन समस्याओं को जिस तरह जमीनी स्तर से जुडकर प्राथमिकता पर निस्तारण कर रहे हैं ऐसे अधिकारियों की पूरे उत्तर प्रदेश को जरूरत है। लेकिन कुछ लोग उनकी सादगी और ईमानदार वाली कार्यशैली से नाराज भी हैं इसकी वजह से उनके खिलाफ कुछ लोग बेवजहा उनकी छवि धूमिल करना चाहते हैं विश्व ब्राह्मण संघ (उत्तर प्रदेश) ऐसे लोगों की कडी निंदा करती है।संगठन ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर कहा कि वर्तमान हापुड़ जिलाधिकारी के कार्यकाल में जिले की सारी जनता खुश है ऐसे डीएम के लिए हमारा संगठन भी पूर्ण समर्थन करता है।

# बालिका शिक्षा एवं सुरक्षा को लेकर घर घर संवाद स्थापित कर रही है पुष्पा पांडे

**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**



**बरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य पुष्पा पांडे अक्सर बरेली रहने के दौरान घरों में जाकर बालिका सुरक्षा एवं शिक्षा के विषय में संवाद स्थापित करती रहती हैं, उनकी इस कार्यशैली की प्रशंसा प्रदेश स्तर पर हो रही है।जहां एक तरफ वह हर जनपद में बालिका शिक्षा एवं सुरक्षा संबंधी समस्याओं को लेकर प्रशासन के साथ लगातार मीटिंग कर रही हैं वहीं बरेली में रहने के दौरान घर-घर जाकर महिलाओं तथा बालिकाओं से महिला शिक्षा तथा सुरक्षा की बात करती है।इसी संदर्भ में उन्होंने राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉक्टर लाल बहादुर गंगवार के निवास पर उनकी पत्नी सीमा गंगवार से मुलाकात की और बालिका शिक्षा उन्नयन की बात रखी, उन्होंने गंगवार की दोनों बेटियों की अच्छी शिक्षा पर प्रसन्नता जाहिर की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इसी प्रकार से अन्य लोगों को भी जागरूक होना चाहिए और अपनी बालिकाओं को अच्छी प्रकार से शिक्षा देनी चाहिए, जिससे कि दहेज की भी समस्या दूर होगी और अशिक्षा का भी कलंक मिटेगा। अर्बन बैंक की चेयरपर्सन श्रुति गंगवार ने उनकी इस कार्यशाली की प्रशंसा की है।

# जिलाधिकारी ने पावन श्रावण मास की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक ली

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ पंकज वर्मा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन अमरेश कुमार, पुलिस अधीक्षक नगर राजीव कुमार, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुरेश चंद रावत, सभी उप जिलाधिकारी , सभी सीओ सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ पावन श्रावण मास की व्यवस्थाओं को लेकर समीक्षा बैठक ली। जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया कि दिनांक 11जुलाई 2025 से पावन श्रावण मास प्रारंभ हो गया है, जो 09 अगस्त 2025 तक चलेगा।

जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस को निर्देश दिए कि सभी शिवालयों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं। संधिग्ध मिलने या सूचना प्राप्त होने पर तत्काल प्रभाव से कार्यवाही की जाए। उक्त कार्य में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। अपने अपने क्षेत्रों में गणमान्य व्यक्तियों के साथ बैठक करें और उनसे मिलने वाले सुझावों पर कार्य करें। श्री सिंह ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि लॉ एंड ऑर्डर के साथ कोई समझौता न हो और न ही कोई अपना ड्यूटी स्थल छोड़कर इधर उधर जाएगा। छोटी से छोटी घटनाओं की जानकारी जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को देंगे। नगर निगम के नगर स्वास्थ्य अधिकारी से नाराजगी जाहिर करते हुए निर्देश दिए कि नगर क्षेत्र में साफ सफाई ठीक नहीं है सब जगह गंदगी ही गंदगी नजर आ रही है। आप प्रात में निकलें और अपने अधीनस्थों से शहर की साफ सफाई कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। सभी संबंधित उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी एवं थाना अध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि किस किस गांव में जातिवाद को लेकर विवाद है उनको पहले से ही चिन्हित कर उनके साथ बैठक करें। कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# पूर्व विधायक धीरज ओझा के मीडिया प्रभारी ने समाजसेवी डा०धीरेन्द्र सिह का मनाया जन्मदिन

**वेलकम इंडिया**



**प्रतापगढ़ ।** भूपियामऊ स्थित हरीश हॉस्पिटल के संचालक एवं समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभा रहे डॉ. धीरेंद्र सिंह का जन्मदिन उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधायक रानीगज धीरज ओझा के मीडिया प्रभारी आयुष महेंद्र ने की। हर्षोल्लास से मनाए गये इस कार्यक्रम मे पूर्व विधायक धीरज ओझा को पहुचना था लेकिन किसी बेहद आवश्यक कार्यवश वो न पहुच सके लेकिन उन्होने अपने शुभकामना सन्देशबके साथ अपने ?मीडिया प्रभारी को उपस्थिति देने का निर्देश दिया था । कार्यक्रम मे मुख्य रूप से उपस्थित डॉ. वर्तिका सिंह, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने डॉ. धीरेंद्र सिंह को शुभकामनाएँ दीं और उनके स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं निरंतर समाज सेवा की कामना की। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने डॉ. सिंह के चिकित्सकीय योगदान, मरीजों के प्रति उनके व्यवहार एवं सेवाभाव की सराहना की। साथ ही यह भी कहा कि उनका कार्य युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है। कार्यक्रम का समापन सभी के बीच प्रसाद वितरण के साथ किया गया। पूरा माहौल उत्साहपूर्ण और आत्मीय रहा।

# हर बूथ पर 5 यूथ अभियान में बसपा कार्यकर्ता मजबूती से करें काम - शमीम अहमद



**असदुल्लाह सिद्दीकी**

**मरियागंज/सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री कु0 मायावती के दिशा-निर्देश पर हर बूथ पर पांच यूथ अभियान शुरू किया गया है। समस्त कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर अभियान चलायें मजबूत साथियों को पार्टी का सदस्य बनायें। उक्त बातें बसपा नेता पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के भगगोभार में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई हत्या लोट आम बात हो गई है कानून नाम की कोई चीज नहीं है। उक्त दौरान बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहा कि दलितों पिछड़ों और खास तौर अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किये जा रहे हैं। जिस का जीता जागता उदाहरण है बाराबंकी में बसपा जिलाध्यक्ष की बेटी को गोलियों से भून डाला गया, मगर प्रदेश सरकार मौन है।कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने में लग जायें, आने वाला दिन में बसपा सरकार बनना तय है।विधानसभा प्रभारी इन्द्रजीत गौतम ने कहा कि बसपा सरकार में सर्व समाज का उत्थान और सम्मान होगा, हम-सब मिल कर सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय पर काम कर कु0 मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने वाले हैं।बैठक में मुख्य रूप से विजय पाल कन्नौजिया, मोहम्मद कैफ, विनोद कुमार राव, श्री राम बाबू, ड0 अशोक कुमार बौद्ध, शीश कुमार बौद्धाचार्य, प्रिंस अम्बेडकर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# एक जनपद एक उत्पाद के तहत डीएम को मिला राष्ट्रीय पुरस्कार ,कालानमक चावल जनपद की पहचान

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** जनपद के जिलाधिकारी डॉ. राजगणपति आर को उत्पाद काला नमक चावल के लिए जनपद स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। सिद्धार्थनगर यह प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश का एकमात्र जनपद बना। यह सम्मान सिद्धार्थनगर की समृद्ध कृषि परंपरा और काला नमक चावल की गुणवत्ता को देशभर में पहचान दिलाने का प्रमाण है। सिद्धार्थनगर जिला ने एक बार फिर अपनी विशिष्ट कृषि उपज काला नमक चावल के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। वर्ष 2024-25 के लिए एक जनपद एक उत्पाद योजना के अंतर्गत काला नमक चावल को उत्कृष्ट उत्पाद घोषित करते हुए जनपद को राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया है।यह गौरवशाली पुरस्कार जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. को नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा राज्य मंत्री (वाणिज्य, उद्योग, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी) जितिन प्रसाद के कर-कमलों से प्राप्त हुआ। इस उपलब्धि पर जनपदवासियों में हर्ष का माहौल है। जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. ने कहा कि यह पुरस्कार पूरे जनपद की मेहनत, किसानों की लगन और स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने वाली सरकार की नीतियों का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि काला नमक चावल की लोकप्रियता और गुणवत्ता ने सिद्धार्थनगर को देशभर में एक नई पहचान दी है। गौरतलब है कि काला नमक चावल को इसके सुगंध, स्वाद एवं औषधीय गुणों के लिए जाना जाता है। यह चावल पूर्वांचल क्षेत्र की पारंपरिक धरोहर भी है, जिसे अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिल रही है।यह पुरस्कार न केवल सिद्धार्थनगर के किसानों को नई प्रेरणा देगा, बल्कि काला नमक चावल की ब्रांडिंग, विपणन और निर्यात को भी और अधिक बल मिलेगा।

# अनियंत्रित होकर टेंपो पेड़ से टकराया, दो की मौत, तीन घायल

**असदुल्लाह सिद्दीकी**



**सिद्धार्थनगर।** जोगिया कोतवाली क्षेत्र के सनई शोहरतगढ़ मार्ग पर स्थित पिपरा पांडेय गांव के पास सोमवार रात एक टेंपो बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गया। इस हादसे में टेंपो सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों का माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवा कर परिजनों को जानकारी दे दी है। सभी नेपाल के प्रभुनाथ भगवान भोले का दर्शन करके घर लौट रहे थे। बांसी कोतवाली क्षेत्र के स्थानीय कस्बा निवासी पांच लोग रविवार को नेपाल में स्थित प्रभु नाथ बाबा का दर्शन करने गए थे।दर्शन करके वह बढ़नी बॉर्डर पहुंचे, यहां से रात में टेंपो बुक करके बांसी के लिए निकले थे।जोगिया कोतवाली क्षेत्र के सनई शोहरतगढ़ मार्ग पर स्थित पिपरा पांडेय गांव के पास टेंपो चालक का नियंत्रण बिगड़ गया टेंपो पलट गया।हादसा देखकर मौके पर आसपास के लोग पहुंच गए और घायलों को बाहर निकाल और मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। घायलों की पहचान अनिल (20) पुत्र रामबृक्ष निवासी मंगल बाजार, अम्बिका प्रसाद पुत्र रग्घू जगदेई निवासी मंगल बाजार बांसी, पुष्पा पटवा (21) पत्नी अनिल कुमार थाना शोहरतगढ़ के रूप में हुई। जबकि रामू (28) वर्ष और राजाराम (85) वर्ष निवासी राप्ती नगर कस्बा व कोतवाली बांसी को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने हादसे के बारे में परिवार को जानकारी देने के साथ ही लाश को मर्चरी में रखवा दिया है।

# पंचायत चुनावों के लिए मतदान दलों का द्वितीय रेंडमाइजेशन

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन की तैयारियों के अंतर्गत सोमवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) आशीष भटगांई की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में मतदान कार्मिकों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया गया। जनपद के 461 मतदान केंद्रों के लिए रिजर्व दलों सहित कुल 508 पोलिंग पार्टियों का गठन किया गया, जिनमें 2540 मतदान कार्मिकों की तैनाती सुनिश्चित की गई है।प्रत्येक पोलिंग पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी एवं चार मतदान अधिकारी नामित किए गए हैं। मतदान अधिकारी द्वितीय के रूप में महिला कार्मिकों की नियुक्ति की गई है, जिससे महिला सहभागिता को बढ़ावा मिला है। यह रेंडमाइजेशन प्रक्रिया सॉफ्टवेयर के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता के साथ की गई। द्वितीय रेंडमाइजेशन के उपरांत नियुक्त कार्मिकों के ड्यूटी आदेश संबंधित विभागाध्यक्षों एवं कार्यालय प्रमुखों के माध्यम से निर्गत किए जाएंगे। पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों को द्वितीय चरण का प्रशिक्षण 17 से 19 जुलाई के मध्य आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, नोडल अधिकारी (कार्मिक)/जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एकता बोरा, सहायक निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) प्रेम प्रकाश सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# धूमधाम के साथ मनाया जाएगा कारगिल विजय दिवस

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर**, गोविन्द मेहता,जनपद में आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजय शौर्य दिवस पूरे धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने को लेकर जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में जिला कार्यालय में बैठक संपन्न हुई।बैठक में निर्णय लिया गया कि शौर्य दिवस की शुरूआत सुबह छह बजे क्रास कंट्री रेस के साथ होगी।यह रेस भागीरथी बाइपास से शुरू होकर आरे होते हुए डिग्री कॉलेज गेट तक आयोजित की जाएगी। इसके बाद सुबह आठ बजे नुमाईशखेत से एक प्रभातफेरी निकाली जाएगी, जिसमें स्थानीय लोग और छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। सुबह नौ बजे शहीद स्मारक तहसील परिसर में शहीदों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।माल्यार्पण के उपरांत तहसील परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित होगा। दिवस का मुख्य कार्यक्रम सुबह दस बजे से कलक्ट्रेट रोड स्थित संस्कृति विभाग के ऑडिटोरियम में शुरू होगा। जिसमें शहीदों के परिवारों को सम्मानित करने के साथ ही विभिन्न सांस्कृतिक आयोजन सम्पन्न किए जाएंगे।जिनमें देशभक्ति गीतों और प्रस्तुतियों का विशेष समावेश होगा। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को समय पर ऑडिटोरियम का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। जिलाधिकारी ने शहीद स्मारक सहित अन्य सभी कार्यक्रम स्थलों पर सफाई एवं साज-सज्जा की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को सुबह छह बजे क्रास कंट्री रैली और प्रभातफेरी के दौरान यातायात व्यवस्था सुचारू रखने के निर्देश भी दिए। मुख्य शिक्षा अधिकारी को नशामुक्ति सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर प्रतियोगिताएं और प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल विजय मनराल, मुख्य शिक्षा अधिकारी जीएस सौन, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत अनिल जोशी, ईओ नगर पालिका मो. यामीन, दीप जोशी, किशन सिंह मलड़ा, रमेश तिवारी, नरेंद्र खेतवाल, दलीप सिंह खेतवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# एसआरएम मोदीनगर कॉलेज ऑफ फामेर्सी में 7वां इंडक्शन प्रोग्राम धूमधाम से संपन्न

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, गाज़ियाबाद के फामेर्सी विभाग द्वारा आयोजित सातवां इंडक्शन प्रोग्राम 2025 का भव्य शुभारंभ हुआ। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवागन्तुक बी.फार्म छात्रों का स्वागत करना और उन्हें संस्थान की शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुई। इसके पश्चात डॉ. जयेंद्र कुमार, प्राचार्य, फामेर्सी विभाग द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। विशिष्ट संबोधन डीन डॉ. आर. पी. महापात्रा द्वारा दिया गया। एसआरएम ग्रुप के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन ने अपने प्रेरणादायक नेतृत्व संदेश में छात्रों को उच्च गुणवत्ता की ओर प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती वी. एम. भारती, डिप्टी ड्रग कंट्रोलर, सीडीएससीओ, नई दिल्ली, ने ₹सीडीएससीओ और आपः एक साझेदारी सार्वजनिक सुरक्षा एवं अनुपालन हेतु₹ विषय पर अपने विचार रखे। विशिष्ट अतिथि सुश्री नेहा मेहता, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, प्लस फॉमुर्लेशन प्राइवेट लिमिटेड (करनाल, हरियाणा) ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए अपने अनुभव साझा किए और उद्योग जगत से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रकाश डाला। शैक्षणिक सत्र की शुरूआत डॉ. धोम्या भट्ट (डीन, आईक्यूएसी) के व्याख्यान से हुई, जिन्होंने छात्रों को करियर विकास और प्लेसमेंट के अवसरों से अवगत कराया। इसके बाद ₹नो योर मेंटर्स₹ सत्र और विभागीय भ्रमण (लैब, पुस्तकालय, एनिमल हाउस) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुचारु रूप से किया गया और अंत में डॉ. आलोक प्रताप सिंह, विभागाध्यक्ष, फामेर्सी विभाग द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा क कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# मोदी कॉलेज में जूनियर डिवीजन एन सी सी भर्ती सम्पन्न


वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज में 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वाधान में एन सी सी कैडेट्स की भर्ती की गई। वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पीयूष कुमार सिंह एवं कॉलेज प्रधानाचार्य सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन में चली भर्ती प्रक्रिया में नौवीं कक्षा के 266 छात्रों ने हिस्सा लिया। कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने बताया कि भर्ती ऑफिसर्स द्वारा छात्रों की शारीरिक माप तौल, मेडिकल चेकअप के बाद साक्षात्कार एवं लिखित परीक्षा के आधार पर कुल 50 छात्रों का चयन किया गया है। कॉलेज के एन सी सी अधिकारी प्रवीण जैनर ने चयनित छात्रों को एन सी सी कैडेट्स की ज़िम्मेदारी से अवगत कराते हुए पर्यावरण संरक्षण करने, पौधारोपण करने ,सामाजिक बुराइयों को दूर करने में मदद करने एवं अच्छे नागरिक बनने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज प्रधानाचार्य डा सतीश चंद्र अग्रवाल ने कहा कि एन सी सी कैडेट्स का समाज सेवा के क्षेत्र में अपार योगदान रहता है। पर्यावरण संरक्षण से लेकर देश के चहुंमुखी विकास में एन सी सी कैडेट्स हमेशा अपनी भूमिका निभाते हैं। लेफि्टनेंट राजीव जांगिड़ ने सभी कैडेट्स को रक्षा की दित्तीय पंक्ति एन सी सी में चयनित सभी कैडेट्स को बधाई दी तथा उन्हें एन सी सी के ध्येय एकता और अनुशासन का अनुपालन करने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर वाहिनी के सूबेदार नारध्वज थापा , हवलदार पवन कोशल, हवलदार संतोष, लेफ्टिनेंट राजीव जांगिड, शारीरिक शिक्षक राजीव सिंह, एन सी सी कैडेट्स उपस्थित रहे।

# साइबर ठगों ने प्रोफेसर को बनाया निशाना, पत्नी की सूझबूझ से बची ठगी

वेलकम इंडिया/चरण सिंह



**बरेली।** शहर में साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीके अपनाकर लोगों को ठगने की कोशिश कर रहे हैं। ताजा मामला बरेली कॉलेज के रिटायर्ड प्रोफेसर राजीव मेहरोत्रा के साथ हुआ, जिन्हें फर्जी पुलिस और सीबीआई अधिकारी बनकर ठगों ने एक घंटे तक ह्यडिजिटल अरेस्टह्न कर डराने की कोशिश की। प्रोफेसर की पत्नी की सतर्कता से यह ठगी होते-होते टल गई। घटना सोमवार सुबह की है, जब प्रोफेसर राजीव मेहरोत्रा अपने राजेन्द्र नगर स्थित आवास पर मौजूद थे। सुबह करीब 10:30 बजे उनके मोबाइल पर एक अज्ञात कॉल आई। कॉल रिसीव करते ही पहले एक ऑटोमैटिक आवाज आई कि ह्नआपका नंबर दो घंटे में ब्लॉक कर दिया जाएगाह्न। इसके बाद एक महिला ने बात करते हुए बताया कि प्रोफेसर के नाम से एक नया सिम कार्ड 4 अक्टूबर को एक्टिव किया गया है, जिससे गैरकानूनी गतिविधियाँ हो रही हैं। महिला कॉलर ने फिर कॉल को अजय नामक एक सीनियर मैनेजर को ट्रांसफर किया, जिसने प्रोफेसर को बताया कि महाराष्ट्र के कोलाबा थाने से इंस्पेक्टर बात करना चाहते हैं। इस बहाने उन्होंने प्रोफेसर को एक घंटे तक कॉल पर रोके रखा और धमकियाँ दीं कि जल्द ही पुलिस उनके घर पहुंच जाएगी।

# एहसास महिला समिति द्वारा छतरी वाला मंदिर परिसर में परिणीता हर-तीज मेले का भव्य आयोजन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** छतरी वाला मंदिर परिसर में एहसास महिला समिति द्वारा परिणीता परियोजना के अंतर्गत आयोजित हर-तीज मेले का दो दिवसीय आयोजन अपार जनसमूह और उत्साह के बीच संपन्न हुआ। मेला पूर्णतः परिणीता स्वयं में सक्षम शीर्षक पर, महिला सशक्तिकरण, स्वरोजगार और भारतीय संस्कृति के उत्सव को समर्पित रहा। विधायक मोदीनगर डॉ. मंजू शिवाच द्वारा मेले का उद्घाटन किया गया। मेले में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने घरों पर निर्मित हस्तनिर्मित उत्पादों, परिधानों, सजावटी वस्तुओं और खाद्य सामग्री की जबरदस्त बिक्री की। ग्राहकों की उमड़ी भारी भीड़ ने इन उत्पादों की जबरदस्त खरीदारी कर महिला उद्यमिता को सराहा और प्रोत्साहित किया। मेले में मेहंदी स्टॉल, पारंपरिक झूले, ढोल नगाड़े, नृत्य प्रतियोगिता, महिला तीज क्विज कार्यक्रम और खान-पान के आकर्षक स्टॉल सभी आयु वर्ग के आकर्षण का केंद्र रहे। इस अवसर पर शहर की अनेक प्रमुख हस्तियां, पत्रकार बंधु, सामाजिक एवं राजनीतिक व्यक्ति, शिक्षा, व्यापार, एवं चिकित्सा जगत से जुडे व्यक्ति भी निरंतर उपस्थित रहे, जिनमें नगर पालिकाध्यक्ष मोदीनगर विनोद वैशाली, प्रभारी निरीक्षक थाना मोदीनगर नरेश शर्मा, प्रसिद्ध समाजसेवी एवं निष्काम संस्था के मुख्य संरक्षक चानन लाल ढींगरा, मोदी समूह के वरिष्ठ पदाधिकारी एन पी बंसल, वरिष्ठ भाजपा नेता स्वदेश जैन, वरिष्ठ शिक्षाविद डॉक्टर रीता बख्शी, डायरेक्टर छाया पब्लिक स्कूल अरूण त्यागी, डायरेक्टर डाल्फिन स्कूल नीरज गर्ग, डायरेक्टर किड्जी स्कूल अनमोल बंसल, प्रधानाचार्य महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज अंशू सिंह, प्रधानाचार्य पीबीएस इंटर कॉलेज संगीता शर्मा प्रमुख रहे। इन सभी गणमान्य अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के मेलों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिलता है, साथ ही समाज में सहयोग और सद्भाव भी बढ़ता है। एहसास महिला समिति की संयोजिका अनुप्रीत कौर ने बताया कि इस मेले का उद्देश्य महिलाओं को स्वरोजगार, रचनात्मकता और सामाजिक भागीदारी के लिए मंच प्रदान करना है। परिणीता प्रोजेक्ट की इंचार्ज सृष्टि गौड के अनुसार यह आयोजन केवल एक मेला नहीं बल्कि महिलाओं के आत्मविश्वास, हुनर और सामाजिक सशक्तिकरण की प्रतीक है जो आगे भी निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम की सफल बनाने में रीता बख्शी, तारिका माटा, पूजा शर्मा, प्रतिभा गांधी, आंचल खुराना, डॉक्टर रूपा त्यागी, निर्मल सिंह, सिमरन भसीन, अर्चना आहुजा, रितु अग्रवाल,स्वाति भोला, सुरभि खुराना का मुख्य योगदान रहा।

# कांवड़ियों की सेवार्थ लगाए गए शिविर का हवन के साथ हुआ शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** रालोद के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने सोमवार सुबह गंगनहर की पटरी पर बाबा गंगाराम स्वामी समिति एवं नगर पंचायत पतला के सहयोग से कांवड़ियों की सेवार्थ लगाये गए शिविर का फीता काट कर शुभारंभ किया। इस मौके पर हवन व भंडारे का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर रालोद जिलाध्यक्ष ने कहा कि सेवा सबसे बड़ा पूण्य का काम है। बता दें कि गंगनहर की पटरी पर बड़ी संख्या में कांवड़ियां गुजर रहा है। जो यहां लगाए गए शिविरों में विश्राम कर रहा है। शिविरों में ठहरने और भोजन की उचित व्यवस्था है। इस अवसर पर नगर पंचायत निवाड़ी के अध्यक्ष अनिल त्यागी व नगर पंचायत पतला की अध्यक्षा रीता चौधरी के अलावा रालोद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य तेजपाल सिंह, रालोद के योगेन्द्र सिंह पतला, नगर अध्यक्ष मनीष जांगड़ा, कृष्ण कुमार शर्मा, देवेन्द्र चौधरी, आदेश शर्मा, सुनील सिद्धू,इंद्र शर्मा, सतपाल मास्टर, आजाद वीर, रिषीपाल सिद्धू, आचार्य कपिल व पतला नगर पंचायत के समस्त सभासद मौजूद रहे।

# शेरगढ़ के जंगल में दिखा शेर, पंजों के ताजे निशान से इलाके में दहशत



वेलकम इंडिया/चरण सिंह

**बरेली।** रविवार सुबह शेरगढ़ क्षेत्र के गौंटिया न्याज नगर स्थित ढोड़ा नदी के किनारे जंगल में उस वक्त अफरातफरी मच गई जब कुछ ग्रामीणों ने शेर जैसे किसी जंगली जानवर को घूमते हुए देखा। इसकी सूचना मिलते ही मीरगंज और बहेड़ी वन रेंज की टीमें मौके पर पहुंचीं और पूरे क्षेत्र में सघन कांबिंग ऑपरेशन शुरू कर दिया गया। टीम ने जंगल में बड़े पंजों के ताजे निशान भी पाए हैं जिन्हें सैंपल के तौर पर सुरक्षित कर लिया गया है। वन कर्मियों के अनुसार यह शेर या तेंदुए के पंजों के निशान हो सकते हैं। टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने और जंगल की ओर अकेले न जाने की सख्त सलाह दी है। वहीं वन विभाग ने इलाके में सीसीटीवी कैमरे लगाने और रात्रि गश्त बढ़ाने का निर्णय लिया है। इसी के साथ बरेली डीएफओ को भी सूचना दे दी गई है और वन्यजीव विशेषज्ञों की टीम को भी बुलाने की तैयारी चल रही है। जल्द ही इलाके में गश्त और कड़ी की जाएगी। इलाके में शेर या तेंदुए की खबर से ग्रामीणों में डर जरूर है लेकिन वे सतर्कता भी बरत रहे हैं।

# प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** 35 यू पी वाहिनी एन सी सी मोदीनगर के तत्वावधान में डॉ के एन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर में, एन सी सी महानिदेशालय के आदेशों के क्रम में वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह एवं कॉलेज प्रधानाचार्य डा सतीश चंद अग्रवाल के निर्देशन में प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना संबंधी एक जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के छात्रों को प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधानाचार्य अग्रवाल ने बताया कि प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के द्वारा भारतीय युवाओं को विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रदान कर रोजगार योग्य कौशल प्रदान करना है जिससे वे स्वयं रोजगार या वेतन आधारित रोजगार प्राप्त कर सके। वाहिनी के कमान अधिकारी कर्नल पी के सिंह ने बताया कि इस योजना का लाभ उठाने के लिए युवा प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना की आधिकारिक वेबसाइट से अपने नजदीकी संबद्ध प्रशिक्षण केन्द्र का पता लगाकर अपनी रुचि के अनुसार पाठ्यक्रम का चुनाव कर सकते हैं तथा आवश्यक दस्तावेज जमा कर उन्हें चुने हुए पाठ्यक्रम में नामांकित कर लिया जाएगा।

# शिविर का शुभारंभ- शिव भक्तों से शांतिपूर्वक जल लेकर लौटने की अपील की

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)।** भोले की झाल सिंचाई विभाग द्वारा लगाए गए शिविर का पूजा पाठ के बाद शुभारंभ सिंचाई विभाग के सभी कर्मचारियों नेताओ साथ में मध्य गंगा मेरठ के अधिशासी अभियंता विकास कुमार त्यागी कर्मचारी नेता विकास त्यागी अंबरीश त्यागी आशु शर्मा विवाक ढिललो चीफ इंजीनियर सिंचाई मेरठ पूर्व मंडल अध्यक्ष अरुण त्यागी मुख्य रूप से जिला मंत्री किसान मोर्चा संजय त्यागी आदि भोले बाबा का आशीर्वाद लिया प्रसाद ग्रहण किया। जिला मंत्री किसान मोर्चा संजय त्यागी ने शिव भक्त प्रिंस राठी ने कांवर लेकर आ रहे शिव भक्तों से अपील की है कि मै आप सभी शिव भक्त कांवड़िओं से हाथ जोड़कर आग्रह करता हूँ कि आप सभी शिव भक्त हरिद्वार व अन्य स्थानों से पवित्र गंगाजल लेकर आ रहे हैं। बहुत ही शांति पूर्वक आए किसी भी प्रकार के झगड़े से बचें और अपने गंतव्य पर शांति पूर्वक जल लेकर लौटें। अगर रास्ते में किसी भी प्रकार से कोई झगड़े का माहौल बन जाए तो उसको बहुत ही समझदारी शांति पूर्वक आपस में मिलकर निपटा लें। आप इतनी गर्मी और इतनी दूर से जल लेकर बहुत भक्ति भाव से आ रहे हैं । आपके परिवार वाले आप सभी का इंतजार करते हैं। मैं आप सभी से पुनः आग्रह करता हूँ कि किसी भी प्रकार की तोड़फोड़ नही करें, समझदारी से काम करें और प्रशासन का सहयोग करें, साथ ही अगर आपको प्रशासन की जरूरत पड़ती है अवश्य लें बशर्ते अपने हाथ में कानून को ना लें।

# शुल्क बसूल कर आरटीआई में सूचना ना देना धोखा धडी और विश्वास घात का अपराध कराएं एफआई

## आर राजा भईया अपने अधिकारों को जाने और उपभोक्ता अदालत भी जाएं आरटीआई हेतु शुल्क देने वाला भी उपभोक्ता -- एडवोकेट तोमर( सवाई माधोपुर)

वेलकम इंडिया

केन्द्र सरकार ने सभी विभागों में पारदर्शिता लाने के लिऐ सूचना का अधिकार अधिनियम बना कर उसे वर्ष 2005 में सभी राज्यों में लागू तो कर दिया है परन्तु आज भी हजारों आवेदकों को कानून की जानकारी ना होने के कारण इस अधिनियम को प्रभावी नहीं बनाया जा सका है और लोक सूचनाएं पाने के भटकते रहते हैं या उन्हें सालों इंतजार करना पड़ता है सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत शुल्क बसूल कर अधिकतर लोकसूचन अधिकारी अपने पद की ताकत का दुरुपयोग करते हुऐ आवेदक को मांगी गई सूचनाएं समय पर उपलब्ध नहीं कराते हैं जिससे संबंधित आवेदक को प्रथम अपील और द्वितीय अपील दायर कर लगभग दो तीन वर्षों में चाही गई सूचनाएं मिल बड़ी मुश्किल से मिल पाती हैं जिसका की कोई उपयोग इतने दिनों बाद नहीं हो पता उपरोक्त बातें आज हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख और दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेंद्र सिंह तोमर राजा भईया ने पत्रकारों से सांझा करते हुऐ कही वह एक दिवसीय दौरे पर आज जिला सवाई माधोपुर राजस्थान आए हुऐ थे, राजा भईया ने जनता को जागरूक करते हुऐ बताया कि शुल्क वसूल कर निर्धारित समय अवधि में आवेदक को चाही गई सूचनाएं ना देना या उसे इस बारे में सूचित ना करना उसके साथ धोखा धडी करने ,विश्वास घात करने और संबंधित लोकसूचना अधिकारी द्वारा अपने लोक सेवक होने के कर्तव्यों की पालना ना करने की श्रेणी में किए गए अपराध हैं जिसके लिए आवेदक उनके विरुद्ध संबंधित थाने में एफआईआर दर्ज करा सकता है और चूंकि शुल्क ले कर सूचना नहीं दी गई है इसलिए शुल्क देने वाला आवेदक एक उपभोक्ता की श्रेणी में भी आता है जिसके लिए उसे संबंधित उपभोक्ता विवाद निवारण जिला आयोग में भी मामला दायर कर हजार्ना मांगने का अधिकार प्राप्त है, प्रथम अपील और द्वितीय अपील में आवेदक केवल चाही गई सूचना दिलाने का निवेदन कर सकता है और इन अपीलीय अधिकारियों को भी सूचनाएं दिलाने का अधिकार प्राप्त है किसी इक्का दुक्का मामले में यदि द्वितीय अपीलय अधिकारी लोकसूचना अधिकारी पर जुमार्ना लगा भी देता है तो वह राशि आवेदक को नहीं मिलती बल्कि सरकारी खजाने में जमा किए जाने का प्रावधान है ऐसे में सूचना चाहने वाला आवेदक तो खुद को ठगा हुआ ही महसूस करता है क्योंकि इतनी मशक्कत और उसके द्वारा आर्थिक, मानसिक व शारिरिक पीड़ा भुगतने तथा अपना कीमती समय बर्बाद करने के बाद आखिर उसे मिला क्या ??, यदि सूचना भी मिली तो वर्षों बाद वह भी सही एवं संपूर्ण मिलेगी इसकी भी कोई गारंटी नहीं है इसलिए एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया ने लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि उन्हें अपने अधिकारों को पहचानना चाहिए और उनका इस्तेमाल बिना डरे करना चाहिए जिन आरटीआई लगाने वाले आवेदकों को समय पर शुल्क वसूलने के बाद भी संबंधित लोकसूचना अधिकारी सूचनाएं नहीं देते तो उनके खिलाफ प्रथम एवं द्वितीय अपील दायर करने के साथ साथ अपने उपरोक्त प्राप्त अधिकारों के तहत भी कार्यवाही करनी चाहिए जिनका अधिकार उन्हें भारतीय संविधान और देश में लागू कानून ने दे रखा है ताकि संबंधित लोकसूचनाअधिकारियों को भी उनके किए गैर कानूनी कृत्य की सजा मिल सके।



# जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु बैठक हुई

**वेलकम इंडिया**





**गाजियाबाद।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में जिलाधिकारी गाजियाबाद श्री दीपक मीणा द्वारा जनपद गाजियाबाद के औद्योगिक संगठनों के पदाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों के साथ जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक की प्रकरणवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभाग उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

गाजियाबाद विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित इंद्रप्रस्थ योजना पॉकेट बी औद्योगिक क्षेत्र में सड़क का निर्माण कराए जाने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी द्वारा समीक्षा के दौरान ही उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से वार्ता की गई एवं उक्त प्रकरण को शीघ्र निस्तारित कराए जाने हेतु कहा गया। उपाध्यक्ष गाजियाबाद विकास प्राधिकरण गाजियाबाद द्वारा आगामी उद्योग बंधु बैठक से पूर्व उक्त प्रकरण का निस्तारण कराए जाने हेतु आश्वस्त किया गया। ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी लोनी औद्योगिक क्षेत्र के विभिन्न सेक्टर में पानी की टंकियां से पीने का पानी उपलब्ध कराए जाने संबंधी प्रकरण पर टेस्ट नलकूप के निर्माण संबंधी कार्य में अधिक विलंब हो जाने पर जिलाधिकारी महोदय ने अधिशासी अभियंता, निर्माण खंड प्रथम, उत्तर प्रदेश जल निगम नगरी राजनगर गाजियाबाद एवं वरिष्ठ प्रबंधक सिविल तृतीया, यूपीएसआईडीए, ट्रांस दिल्ली सिगनेचर सिटी गाजियाबाद को उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में उपायुक्त उद्योग एवं परियोजना अधिकारी, यूपीसीडा, गाजियाबाद, अधिशासी अभियंता उत्तर प्रदेश जल निगम गाजियाबाद एवं वरिष्ठ प्रबंधक सिविल तृतीय, यूपीसीडा, ट्रांस दिल्ली सिग्नेचर सिटी की कमेटी गठित करते हुए उक्त प्रकरण में आगामी उद्योग बंधु बैठक से पूर्व जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया। दिल्ली लोनी रोड पर नालों का गंदा पानी जवाहर नगर मेट्रो स्टेशन से दो नंबर बस स्टैंड तक अधिकांश भरा रहने तथा रोड पर गड्ढे, क्षतिग्रस्त रोड होने संबंधी प्रकरण पर जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त क्षतिग्रस्त सड़क के निर्माण एवं जल निकासी की स्थाई व्यवस्था हेतु लोक निर्माण विभाग गाजियाबाद द्वारा कार्य योजना तैयार की जा चुकी है, जिसके अंतर्गत वर्षा के बाद उक्त कार्य लोक निर्माण विभाग गाजियाबाद द्वारा संपन्न कराया जाएगा। विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों पर जिलाधिकारी द्वारा विद्युत विभाग के सभी वरिष्ठ अधिकारियों जैसे अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंताओं को निर्देशित किया गया कि वे औद्योगिक संगठनों के क्षेत्रवार ग्रुप में जुड़े रहें एवं ग्रुप में डाली गई समस्याओं एवं सुझावों पर तत्काल रेस्पॉन्ड कर उक्त समस्या का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधीनस्थ अधिकारियों को कार्रवाही हेतु निर्देशित करना सुनिश्चित करें । साथ ही जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि मुख्य अभियंता उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड गाजियाबाद उपायुक्त उद्योग से संपर्क स्थापित करके औद्योगिक संगठनों के साथ प्रत्येक मा एक बैठक अवश्य करें एवं उनकी समस्याओं का प्रभावी निस्तारण कराएं।

# रोटरी क्लब आफ शिप्रा सनसिटी द्वारा शिप्रा सनसिटी में छाता वितरण का किया



**वेलकम इंडिया**



**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब आफ शिप्रा सनसिटी द्वारा आज दिनांक 14 जुलाई सोमवार को शिप्रा सनसिटी में छाता वितरण का किया गया. इस अवसर पर 100 जरुरतमंद लोगो को छाता दिया गया । क्लब के प्रधान आकाश शर्मा ने बताया की शिप्रा सनसिटी रोटरी क्लब द्वारा ये प्रथम बार छाता वितरण का कार्य किया गया है ,और इस तरह के कार्य जो सोसाइटी एवं शिप्रा सनसिटी की जनता के लिए हित के लिए आगे भी किये जाने का निर्णय लिया है , इस अवसर पर क्लब के सचिव गोपाल शर्मा जी एवं क्लब मन्टोर सुरेंद्र शर्मा जी ने बताया की क्लब द्वारा शहर में समय-समय पर सामाजिक कार्य किए जाएंगे। इस अवसर पर मुख्य अथिति के रूप में शिप्रा सनसिटी सोसाइटी एओए फेज -2 के पदाधिकारी विजय पाल मलिक ,राकेश गंगवार शामिल रहे ।

# जीडीए सचिव राजेश कुमार बने आईएएस, हुई प्रौन्नति



**इंद्रेश शर्मा, गाजियाबाद**

उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण डिप्लोमा इंजी0संघ के प्रांतीय अध्यक्ष इंजी0 ज्ञान प्रकाश द्विवेदी द्वारा सचिव श्री राजेश कुमार सिंह को आई0 ए0 एस0 बनाये जाने पर स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

## वेलकम इंडिया



जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा कलेक्ट्रेट स्थित कांवड़ यात्रा हेतु बनाये गए कन्ट्रोल रूप का औचक निरीक्षण करते हुए । इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल व एडीएम जे. अंजुम बी. सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# गाजियाबाद से शुरू हो रहा है सरकारी स्कूलो मे किचन गार्डन बनाने का अभियान

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद।** सभागार , मुख्यविकास अधिकारी , जिला प्रशासन , गाजियाबाद - आज यहाँ मुख्यविकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल , विकास अधिकारी श्रीमति प्रज्ञा श्रीवास्तव , जिला उद्यान अधिकारी श्रीमति निधि सिंह , साहयक शिक्षा अधिकारी श्रीमति कविता चौहान एवं होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी की चेयर पर्सन श्रीमति रमा त्यागी ने उन 10 स्कूलो के प्रचार्यों को सम्मानित किया जिन्होने अपने यहाँ बेहतरीन किचन गार्डन विकसित किए है पिछले करीब दो वर्ष से होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी ने गाजियाबाद के करीब 100 सरकारी स्कूलो मे जाकर किचन गार्डन बनाने का प्रशिक्षण दिया , खाली पड़ी जमीन को खाद पानी डलवाकर तैयार करवाया , बीज दियें जिन बच्चों ने बीज बोये थे वो अब उनसे उगी हुई सब्जी को खाकर प्रफूल्लित हैं अगर सब्जी की मात्रा कम भी है तो भी वो दाल मे मिलाकर दोपहर के खाने मे परोसी जा सकती है होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी की अध्यक्षा श्रीमति रश्मि अग्रवाल , श्रीमति अर्चना प्रमोद , श्रीमति बबीता अग्रवाल ने बताया की हमने 100 सरकारी स्कूलो का चयन किया था और सभी मे बीज वितरण किए थे और प्रशिक्षण दिया था सिहानी 3 प्राइमरी स्कूल की प्रचार्या श्रीमति प्रीति सक्सेना ने सम्मान स्वीकार करते हुये कहा की हम होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी के आभारी है जिन्होने हमे एक नई दिशा दी है।

होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी की चेयर पर्सन श्रीमति रमा त्यागी ने कहा की स्कूलो मे किचन गार्डन विकसित करना एक आंदोलन है जो हमारे बच्चों को स्वास्थ भी देगा , पोषण भी देगा और प्रकृति के प्रति समझ भी देगा उन्होने कहा की हमारा उदेश्य केवल बागवानी नहीं है बल्कि कुपोषण मुक्त विधालय , स्वस्थ और सशक्त बालक भी है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल जी ने सभी प्रचार्यों को प्रशस्ति पत्र और पौधा देकर सम्मानित करते हुये कहा की स्कूलो के बगीचो से उगाई गई ताजी और जैविक सब्जियाँ बच्चों के दोपहर के भोजन को और अधिक पोषण युक्त बना रही है

बहुत शीघ्र गाजियाबाद के प्रत्येक सरकारी स्कूल मे अपने स्तर पर सब्जियाँ उपलब्ध होने लगेगीं इसके लिए मे अपनी तरफ से और अपने तमाम अधिकारियों और कर्मचारियो की तरफ से होर्टी कल्चर फ्लोरी कल्चर सोसाइटी सोसाइटी को धन्यवाद भी देता हूँ और बधाई भी देता हूँ ।

# ग्रेटर नोएडा पतवाड़ी के ग्रीन बेल्ट से 10 दिन में अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**इंद्रेश शर्मा, गौतमबुधनगर**



ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह ने सोमवार को ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-3 और पतवाड़ी गांव के पास बने ग्रीन बेल्ट का निरीक्षण किया।

दोनों जगह की ग्रीन बेल्ट में पूर्व से चल रहे अतिक्रमण को हटाने के लिए 10 दिन की मोहलत दी है। इसके बाद प्राधिकरण के उद्यान विभाग की टीम खुद इसे हटा देगी। उन्होंने ग्रीन बेल्ट का रखरखाव और बेहतर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के समय डीजीएम उद्यान एसके जैन और वरिष्ठ प्रबंधक पीपी मिश्र भी मौजूद रहे। बता दें, कि ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर ओएसडी गुंजा सिंह ग्रीन बेल्ट से अतिक्रमण हटाकर रखरखाव और बेहतर करने के लिए प्रयासरत हैं।

# त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण का कार्य सम्पादन हेतु समय सारिणी जारी

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तर प्रदेश लखनऊ द्वारा दिये गये निदेर्शो के क्रम में जनपद गाजियाबाद में त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली का राज्य निर्वाचन आयोग उ०प्र० द्वारा निम्नाकिंत विनिर्दिष्ट समय सारिणी के अनुसार वृहद पुनरीक्षण का कार्य सम्पादित किया जायेगा।

किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही। बी0एल0ओ0 एवं पर्यवेक्षकों को उनके कार्य क्षेत्र का आवंटन उन्हें तत्सम्बन्धी जानकारी देना प्रशिक्षण तथा स्टेशनरी आदि का वितरण। उपर्युक्त दोनो कार्यवाही पृथक-पृथक तथा समानान्तर चलेगी। 18 जुलाई, 2025 से 13 अगस्त, 2025 तक बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि (01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाएंगे।) 14 अगस्त,2025 से 29 सितम्बर, 2025 तक ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि। 14 अगस्त,2025 से 22 सितम्बर, 2025 तक। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जाँच करने की अवधि। 23 सितम्बर, 2025 से 29 सितम्बर, 2025 तक। निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि।
30 सितम्बर, 2025 से 06 अक्टूबर, 2025 तक। ड्राफ्ट नामावलियों की कम्प्यूटरीकृत पाण्डुलिपि तैयार करना। (निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही)
07 अक्टूबर, 2025 से 24 नवम्बर, 2025 तक। निर्वाचक नामावलियें के कम्प्यूटीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग, मतदाता सुची की डाउनलोडिग, फोटोप्रतियाँ कराने आदि। 5 नवम्बर, 2025 से 04 दिसम्बर, 2025 तक। अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन। 05 दिसम्बर, 2025आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण। 06 दिसम्बर, 2025 से 12 दिसम्बर, 2025 तक। दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करना (01 जनवरी, 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी स्वीकार किए जाएगें) 0 6 दिसम्बर, 2025 से 12 दिसम्बर, 2025 तक।

# मूल्य आधारित राजनीति ही संगठन की आत्मा है: डॉ. एम. चुबा आओ

**वेलकम इंडिया**




**गाजियाबाद।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष माननीय डॉ. एम. चुबा आओ का आज राजनगर मण्डल, गाजियाबाद में प्रथम निजी प्रवास के दौरान कार्यकताओं द्वारा संजय नगर पी ब्लॉक स्थित पी-58 आवास पर अत्यंत गरिमामय एवं भव्य स्वागत किया गया। पुष्प गुच्छ भेंट कर, पटका पहनाकर तथा माला अर्पित कर कार्यकताओं ने उनका हर्षोल्लास से अभिनंदन किया। इस विशेष अवसर पर आयोजित बैठक का मंच संचालन पूर्व मण्डल अध्यक्ष श्री विनीत शर्मा द्वारा अत्यंत कुशलता से किया गया, जिससे कार्यक्रम में अनुशासन और गरिमा का विशेष समावेश रहा। नवगठित राजनगर मण्डल द्वारा आयोजित इस स्वागत समारोह में कार्यकताओं की सजीव उपस्थिति, अनुशासन एवं उत्साह विशेष रूप से उल्लेखनीय रहे। डॉ. चुबा आओ ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा, ह्लमूल्य आधारित राजनीति, संगठन की आत्मा है। गाजियाबाद के कार्यकताओं का समर्पण और अनुशासन, भाजपा के उज्ज्वल भविष्य का संकेत है।

# 16 जुलाई से 22 जुलाई 2025 तक भूजल सप्ताह का होगा आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जल समस्त जीवों एवं वनस्पतियों के जीवन की आधारभूत आवश्यकता है। जहॉ एक ओर प्रदेश की लगभग 70 प्रतिशत सिंचाई भूजल संसाधनों पर निर्भर है, वहीं अधिकांश पेयजल योजनाओं एवम् औद्योगिक क्षेत्रों में जल आवश्यकताओं की पूर्ति भी मुख्य रुप से भूजल से ही होती है। इस कारणवश यह सीमित प्राकृमिक संसाधन उपलब्धता एवं गुणवत्ता की दृष्टि से प्रदेश के अनेक क्षेत्रों में गम्भीर स्थिति में पहुँच गया है। भूजल संसाधन के नवीनतम आंकलन-2022 के अनुसार प्रदेश के 54 विकासखण्ड अतिदोहित, 46 विकासखण्ड क्रिटिकल एवं 169 विकासखण्ड सेमी-क्रिटिकल श्रेणी में वगीर्कृत किये गये हैं। वर्ष 2000 में प्रदेश में अतिदोहित/क्रिटिकल विकासखण्डों की संख्या मात्र 20 थी, जो पांच गुना बढकर वर्तमान आंकलन में 100 पहुँच चुकी है। साथ ही भूजल उपलब्धता के दृष्टिगत सुरक्षित विकासखण्डों की संख्या वर्ष 2000 में 745 थी जो वर्ष 2022 के आंकलन के अनुसार घटकर 557 हो चुकी है। प्रदेश सरकार भूजल की सुरक्षा, नियोजित विकास, संरक्षण, उनके विवेकपूर्ण उपयोग तथा विनियमित दोहन के लिए प्रतिबद्ध है। इस हेतु न केवल विभिन्न स्तरों पर जल संचयन एवं प्रबन्धन की दिशा में प्रभावी कार्य किये जा रहे हैं अपितु विभिन्न क्षेत्रों में अनियंत्रित एवं अविवेकपूर्ण भूजल दोहन को विनियमन की परिधि में भी लाया गया है। विनियिमन के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश ग्राउण्ड वाटर (मैनेजमेन्ट एण्ड रेगुलेशन) एक्ट-2019 प्रख्यापित किया गया है, जो पदेश में 02 अक्टूबर-2019 की तिथि से लागू है। अधिनियम के अन्तर्गत प्रत्येक जनपद में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला भूजल प्रबन्धन परिषद के द्वारा जनपद में भूजल के प्रबन्धन तथा नियमन हेतु समुचित प्रयास किये जाने है। इन्ही समग्र प्रयासों के फलस्वरुप विगत 02 वर्षों में प्रदेश के 29 विकासखण्ड संकटाग्रस्त स्थिति से बाहर भी आये हैं।



